ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 18 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-272 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल हार का मुझ पर ... पेज 12 पर



### मुख्यमंत्री ने हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का किया अनावरण, बोले

## झारखंड का हॉकी से गहरा नाता, आम लोगों में हॉकी के प्रति बढ़ेगा लगाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तीन अगस्त से शुरू होने वाले हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी चेन्नई- 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का सोमवार को अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान को लॉन्च करते हुए भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त कि इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम बेहतर और शानदार खेल का प्रदर्शन करेगी।




**चैंपियनशिप के प्रति उत्साह और आकर्षण बढ़ेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की ट्रॉफी का देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण कराया जाना एक बेहतरीन कदम है। इससे ना सिर्फ हॉकी खिलाड़ियों बल्कि खेल प्रेमियों के बीच भी चैंपियनशिप के प्रति आकर्षण और उत्साह का संचार होगा । इसके साथ आम लोगों में भी हॉकी की प्रति लगाव बढ़ेगा।

**भारत पहली बार कर रहा मेजबानी :** ज्ञात हो कि एशियन हॉकी चैंपियनशिप का भारत पहली बार मेजबानी कर रहा है इसका आयोजन चेन्नई में 3 से 12 अगस्त तक हो रहा है। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत दक्षिण कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन की टीम मुख्य रूप से भाग ले रही है । ज्ञात हो कि भारत अब तक तीन बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप का विजेता बना है। भारत ने वर्ष 2011, वर्ष 2016 और वर्ष 2018 में खिताब जीता था।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड के खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार मौजूद थे।

### झारखंड की धरती से निकले हैं कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का हॉकी से गहरा नाता रहा है। खूंटी और सिमडेगा जैसे जिलों के गांव -गांव में हॉकी बसती है। यहां के बच्चे- बच्चियों में बचपन से ही स्टिक पर 'मैजिक' शुरू हो जाती है। ऐसा लगता कि हॉकी के बिना उनकी जिंदगी अधूरी सी है। इसी का नतीजा है कि यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। यहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने अपने खेल से झारखंड और देश का नाम रोशन किया है।

## नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

### भारी मात्रा में खाली बोतल, रैपर, स्टीकर व स्प्रिट बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारिसाखी टोला मायाडीह से पुलिस ने मिनी नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुये भारी मात्रा में प्रयुक्त सामाग्री, खाली बोतल, रैपर व स्टिकर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया युवक मायाडीह निवासी रोहित यादव का पुत्र संजय कुमार यादव है। पुलिस को सूचना थी कि बारिसाखी के मायाडीह टोला के संजय कुमार यादव, संतोष रविदास, सीताराम भुइयां व प्रकाश पासवान अपने-अपने घरों में नकली मिलावटी विदेशी शराब का उत्पादन कर बड़े ब्रांड के रैपर व स्टिकर साट कर दूसरे राज्यों में बेच रहे हैं। थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर सभी के घरों में छापामारी कर 10 लीटर स्प्रीट, इम्पीरिएल ब्लू के 220 रैपर, शराब की बोतल में चिपकाने वाला झारखंड सरकार का लोगो लगा हुआ स्टिकर, चार बोरे में आरएस संग्राम लिखा 375 एमएल की 289 खाली बोतल, तीन बोरे में इम्पीरिएलल ब्लू 375 एमएल की 316 खाली बोतल, दो बोरे में बी7 शराब की 214 खाली बोतल, तीन बोरे में मैकडोवेल 375 एमएल की 289 खाली बोतल, इनका ढक्कन सेट अलग-अलग घरों से बरामद किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य अभियुक्तों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। छापामारी दल में थाना प्रभारी के अलावे पुअनि विजय कुमार गुप्ता, आरक्षी वकील कुमार, सुनील साव, मनोज कुमार शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### छवि रंजन की बेल पर 28 जुलाई को होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार और जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की बेल पर सोमवार को होने वाली सुनवाई टल गई है। जज के अवकाश पर रहने के कारण सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। बेल पिटीशन पर सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी। ऐसे में छवि रंजन को बेल के लिए इंतजार करना पड़ेगा। निलंबित आईएएस छवि रंजन झारखंड कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और रांची के पूर्व डीसी रह चुके हैं। ईडी ने बीते चार मई को उन्हें जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार किया था। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### दारोगा संध्या टोपनो हत्याकांड में आरोपी महमूद कुरैशी ने किया सरेंडर

**रांची।** महिला दारोगा संध्या टोप्पो हत्याकांड के अभियुक्त महमूद कुरैशी ने सोमवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महमूद के घर पर पुलिस ने एक अप्रैल को इश्तेहार चिपकाया था। पुलिस लगातार महमूद की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस के दबाव में आकर महमूद ने सरेंडर किया है। उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई 2022 को रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुंडू में वाहन चेकिंग के दौरान पशु तस्करों ने महिला दरोगा को गाड़ी से कुचल दिया था। इस घटना में 2018 बैच की दरोगा संध्या टोपनो की मौत हो गई थी। पशु तस्करों ने इस घटना को अंजाम दिया था।

### बीमारी के कारण विष्णु अग्रवाल नहीं पहुंचे ईडी ऑफिस

**रांची।** कारोबारी विष्णु अग्रवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। जानकारी के मुताबिक बीमारी की वजह से विष्णू अग्रवाल ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हो पाये। जानकारी के अनुसार ईडी उन्हें फिर से समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलायेगी। ईडी ने विष्णु अग्रवाल को पुगडू की जमीन से जुड़े सारे दस्तावेज और की गयी पेमेंट का ब्यौरा लेकर बुलाया था। इससे पहले भी विष्णु अग्रवाल पूछताछ के लिए दो बार ईडी ऑफिस में हाजिरी लगा चुके हैं। उन पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन खरीदने का आरोप है।

# डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपती की हत्या

### हत्यारों ने धारदार हथियार से गला रेत कर पति-पत्नी को मार डाला

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम में रविवार की मध्य रात्रि वृद्ध दंपती की डायन बिसायी के आरोप में धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। इसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमडीहा ग्राम के मंगरा अमडीहा मुख्य मार्ग किनारे वृद्ध कृत सिंह (70) व उसकी पत्नी तुलसमनीया देवी (65) अपने नए पीएम आवास में रहते थे, जबकि उसके दो पुत्र नागिना सिंह व अरुण सिंह अपने अपने परिवार के साथ सड़क से कुछ दूरी पर अवस्थित अपने पुराने घर में रहते थे। घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार मध्यरात्रि के बाद अज्ञात अपराधियों ने वृद्ध दंपती की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। वहीं अपराधियों ने धारदार हथियार से शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट पहुंचाया। सोमवार की सुबह मृतक दंपती के पुत्र नगीना सिंह जब अपने माता पिता से मिलने पहुंचे तब घटना की जानकारी हुई।



मृतक के पुत्र द्वारा घटना की जानकारी बरवाडी पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस प्रकरण में सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के संबंध में मृतक कृत सिंह की 28 वर्षीय नतिनी देवंती देवी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व गांव के ही पहलवान सिंह समेत गांव के कुछ अन्य लोगों ने हमारे नाना नानी को डायन ओझा बताकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद भी गांव के उक्त लोगों द्वारा डायन बिसाही का आरोप लगाकर उसको प्रताड़ित किया जाता था। देवंती देवी

### चाईबासा में आईईडी की चपेट में आया सीआरपीएफ एएसआई

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड में चाईबासा के सबसे ज्यादा उग्रवाद प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईरा गांव में पहाड़ी के आसपास के जंगल में सोमवार सुबह नक्सलियों के लगाए गए (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस ) आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक एएसआई घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक शेखर ने बताया कि इस विस्फोट में एएसआई को मामूली चोट आई है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया है। पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों ने समूचे इलाके को घेरकर नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इन दिनों गोइलकेरा एवं टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इससे नक्सली बौखलाए हुए हैं।

### राजधानी में लड़की से गैंगरेप

## 48 घंटे में दूसरी वारदात हिरासत में 10 आरोपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के डोरंडा इलाके में रविवार को लेट नाइट पार्टी के बाद घर लौट रही एक नाबालिग लड़की से गैंगरेप की वारदात हुई है। पुलिस ने वारदात के दस आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। 48 घंटे के भीतर शहर में इस तरह की यह दूसरी वारदात है। शुक्रवार की रात भी एक बर्थडे पार्टी से लौट रही नाबालिग छात्रा से उसके ही चार दोस्तों ने रेप किया था। बताया गया कि लड़की अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी में गई थी। रात लगभग ग्यारह बजे पार्टी खत्म होने के बाद वह लौट रही थी तो दोस्तों के अलावा कुछ अन्य युवकों ने उसे हवस का शिकार बनाया। लड़की बदहवास हाल में किसी तरह घर पहुंची। वारदात की सूचना पुलिस को सुबह छह बजे मिली तो वह तुरंत एक्शन में आई। डीएसपी राजा मित्रा और अरगोड़ा एवं पुंदाग थाना क्षेत्र की पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में छापामारी कर अब तक दस लड़कों को हिरासत में लिया है। इनमें से कुछ नाबालिग भी हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। इनमें से तीन आरोपियों की लड़की ने पहचान कर ली है। पीड़िता का मेडिकल टेस्ट करवाया जा रहा है। इसके पहले बीते शुक्रवार को रांची के सदर थाना क्षेत्र में एक स्कूली छात्रा के साथ रेप की वारदात तब हुई थी, जब वह अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रही थी। इस मामले में भी पुलिस ने

## 30 हजार से अधिक महिलाओं को मिला फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं के दिन बहुरने लगे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास का प्रतिफल है कि 20 सितंबर 2020 को शुरू हुई इस योजना के जरिए हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी 30,013 महिलाओं ने सम्मानजनक आजीविका को अपने जीवन का आधार बनाया। आज ये महिलाएं समाज में बदलाव की कहानी गढ़ दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

**जागरूकता ने निभाया अहम किरदार, सरकार से मिला सहयोग :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का शुभारंभ हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। अभियान का प्रथम चरण सितम्बर 2020 से प्रारम्भ हुआ। सर्वेक्षण के माध्यम से इस कार्य से जुड़ी महिलाओं की संख्या 15,284 दर्ज की गई। इनके बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, ताकि ये वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जुड़ अपने जीवन को नई दिशा दे सकें। सरकार को इसमें सफलता मिली और 14,243 महिलाओं को रोजगार के अन्य वैकल्पिक साधनों से जोड़ा गया। इस चरण में महिलाओं के बीच ब्याज मुक्त कुल 1,424.3 लाख ऋण की सहयोग धनराशि उपलब्ध कराई गई। इसके बाद अभियान का दूसरा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पांच साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले : नीति आयोग

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए दो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) के पांच साल के अंतराल में 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं और गरीबों की संख्या में 14.96 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। नीति आयोग ने 2015-16 में कराये गए एनएफएचएस-4 और 2019-21 में कराये गये एनएफएचएस-5 की तुलना के आधार सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांकः एक प्रगति समीक्षा 2023 नामक रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत पर आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में 3.43 करोड़ के साथ सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान का स्थान है। इसमें कहा गया है कि पोषण में सुधार, स्कूली शिक्षा के वर्षों, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2030 की समय सीमा से काफी पहले एसडीजी लक्ष्य 1.2 (बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने का) हासिल करने की राह पर है। यह रिपोर्ट नवंबर 2021 में लॉन्च की गई भारत की राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) को अद्यतन करता है। राष्ट्रीय एमपीआई स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन समान रूप से महत्वपूर्ण आयामों में एक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**लेखा-जोखा**

### राजनीतिक दलों को ऑनलाइन देनी होगी वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट

# चुनाव आयोग के निर्देश पर मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अब राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग को ऑनलाइन वित्तीय लेखा-जोखा उपलब्ध कराना होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन लेखा-जोखा की शुरूआत चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 से शुरू की है। भारत निर्वाचन आयोग के इस निर्णय के बाद झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टी को चिट्ठी भेजकर ससमय रिपोर्ट आयोग को देने को कहा गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के वित्तीय लेखा जोखा को वार्षिक ऑडिट अकाउंट रिपोर्ट के माध्यम से जमा करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा जारी पत्र के




अनुसार जो राजनीतिक दल ऑनलाइन मोड में वित्तीय रिपोर्ट दाखिल नहीं करना चाहते हैं, उन्हें लिखित रूप में इसकी वजह बतानी होगी। इसके अलावा आयोग के द्वारा निर्धारित प्रारूप में सीडी या पेन ड्राइव के साथ हार्ड कॉपी प्रारूप में रिपोर्ट भी दाखिल कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों के द्वारा वित्तीय डिटेल ऑनलाइन दाखिल नहीं करने की वजह को सार्वजनिक करने का काम करेगी।

**चुनाव आयोग की चिट्ठी से गरमाई राजनीतिः** वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट को लेकर राजनीति गरमा गई है। बीजेपी ने पार्टी फंड में आनेवाले चंदा की राशि को पूरी तरह से वैध रूप में होने का दावा करते हुए दूसरे दलों पर तंज कसा है। पूर्व स्पीकर और रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने पार्टी फंड में आने वाली राशि को सही बताते हुए कहा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### क्षेत्रीय पार्टी की आय में होती रही है वृद्धि

हाल के वर्षों में क्षेत्रीय पार्टियों की आय में अज्ञात स्रोतों से काफी वृद्धि हुई है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म यानी एडीआर के रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-2022 में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की अज्ञात स्रोतों से आय 887.55 करोड़ रुपए रही, जो उनकी कुल आय का 76% है। एडीआर रिपोर्ट के अनुसार 20,000 रुपए से ज्यादा के आय को ज्ञात स्रोतों की आय के रूप में रखा गया है। क्योंकि इनके दाताओं का ब्यौरा क्षेत्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को दी गई जानकारी में उपलब्ध कराई गई है। चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए राजनीतिक दलों पर अंकुश लगाने की तैयारी की है, जिसके तहत राजनीतिक दलों की फंडिंग और चुनावी खर्च में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए क्लीनअप, क्रैकडाउन और अनुपालन यानी 3उ पर काम करते हुए बड़ा कदम उठाया गया है।

## पीएलएफआई सुप्रीमो गोप का सहयोगी नीलांबर गोप गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने रविवार को गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में छापामारी कर पीएलएफआई के कुख्यात उग्रवादी और दिनेश गोप के खास सहयोगी नीलांबर गोप को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र से अवैध हथियार, एक देसी कट्टा, 38 जिंदा गोली , हथियार बनाने में प्रयोग होनेवाली लेथ मशीन, पीएलएफआई के पर्चे और चंदा रसीद और लेवी के रूप में वसूले गए एक लाख रुपये बरामद किये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एसपी अमन कुमार को मिली सूचना के आलोक में उनके निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्रनीलांबर गोप को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि नीलांबर गोप का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और वह कई बार जेल जा चुका है। नीलांबर के खिलाफ खूंटी जिले के तोरपा, जरियागढ़ और रनिया थाना में विभिन्न संगीन धाराओं के तहत सात मामले दर्ज है। एसडीपीओ ने बताया कि ओडिशा के राउरकेला थाना की पुलिस भी एसे एक बार जेल भेज चुकी है। उन्होंने बताया कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के जेल जाने के बाद नीलांबर गोप संगठन को फिर खड़ा करने के प्रयास में लगा था। गत वर्ष चार-पांच फरवरी को जब दिनेश गोप को गोली लगी थी, उस समय नीलांबर ने ही तोरपा के कोटेंगसेरा में लाकर उसका इलाज कराया था। इतना ही नहीं नीलांबर ने दो बार नेपाल जाकर दिनेश गोप से मुलाकात भी की थी। बताया कि नीलांबर की निशानदेही पर गरई डिगरी स्थित एक निजी विद्यालय के परिसर से हथियार बनाने में प्रयोग होनेवाली लेथ मशीन को बरामद किया है।

NEWS इन ब्रीफ

## पीएनबी बैंक से ग्राहक के एक लाख दस हजार रुपए की हुई चोरी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के समीप पंजाब नेशनल बैंक की जपला शाखा परिसर में एक ग्राहक की एक लाख दस हजार रुपए झोले से चोरी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बैक ग्राहक शेख गुलाम नेजामुद्दीन ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह अपनी पत्नी की इलाज के लिए पीएनबी बैंक के दो नंबर काउंटर से एक लाख दस हजार रुपए निकाल कर उस रुपए को अपने झोला में रख कर दूसरे काउंटर पर मोबाइल से खाता को लिंक कराने के लिए फार्म लेने के लिए खड़ा था, उसी समय दो व्यक्ति मेरे पीछे खड़े थे, मैं फार्म लेकर जब घर पर गया तो झोला में देखा तो रुपए नहीं थे, मैंने तुरंत बैंक के मैनेजर से इस घटना से अवगत कराया। सीसीटीवी कैमरा में दो व्यक्ति झोला से रुपए निकालते देखे गये हैं।

### पदाधिकारियों की घोषणा के साथ

# किसानों की बैठक में किसान हित के हुये कई महत्त्वपूर्ण निर्णय

### सभी किसान अपने-अपने जानवर/ मवेशी को बांध कर रखे, नहीं तो अपने मवेशी के साथ एक चरवाहा जरूर भेजे : कमिटी

**नवीन मेल संवाददाता**




**छत्तरपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डाली के पंचायत भवन के प्रांगण में दिन रविवार को किसानों के हित के लिए किसानों के साथ एक बैठक की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य मो. सहाबुदीन अंसारी ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया की जानवरो से सभी प्रकार की फसल हर हाल में बचानी है। किसान फसल लगाता तो है लेकिन उनकी फसल जानवर / मवेशी के चारागाह तक ही सीमित रह जाती हैं। इस लिए बैठक में यह निर्णय लिया गया की सभी किसान अपना अपना जानवर/मवेशी को बांध कर रखे, नहीं तो अपने मवेशी के साथ एक चरवाहा जरूर भेजे। यदि जानवर/मवेशी किसी भी किसानों की फसल को नष्ट करता हैं तो कमिटी के द्वारा जानवर के मालिक से दंड लिया जाएगा और कानून की तहत करवाई की जाएगी। सभी जानवरो का शुल्क इस प्रकार होगा। प्रति भैंस 500 रुपया, प्रति गाय 500 रुपया वप्रति बकरी/ सुअर 200 रुपया। साथ ही बैठक में यह भी तय हुआ कि किसानों को सरकार के द्वारा कृषि कार्य के लिए जो सुविधाएं मिलती हैं उसके लिए कमिटी हर समय काम करेंगी। किसानों के हित को लेकर विशेष चर्चा एवं रबि-खरीफ, चना गेहूं, धान, सब्जी वाली फसलों के फायदे आदि के बारे में बताया गया। साथ ही साथ जंगली जानवर, से भी फसल नुकसान की भरपाई हेतु विभाग से बात करने का निर्णय लिया गया। कृषि संघर्ष सतिती डाली के पदाधिकारी के रूप में बतौर अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, उपाध्यक्ष बिहारी सिंह, सचिव शमीम अख्तर अंसारी, उपसचिव धर्मदेव राम, कोषाध्यक्ष रफीक अंशरी व उपकोषाध्यक्ष बृजकिशोर विश्वकर्मा को बनाया गया। इस बैठक मुख्य अतिथि के रूप में विश्वसूत्रीय अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह व शिक्षक मो यासीन अंसारी रहे। वही मंच संचालन मो. मुमताज अंशारी ने किया।बैठक में मुख्य रूप से मुखदेव राम जुबैर अंशारी विजय सिंह मदन सिंह मुंतजिर अंसारी मोबिन अंसारी नौसद अंसारी मो गुलाम गौस शीतलदेव सिंह बृजमोहन सिंह नजबुदीन अंसारी विनोद राम विनोद सिंह सुनील यादव अरविंद यादव दामोदर यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे

## विश्रामपुर पुलिस ने पशुपालकों को सौंपे जब्त मवेशी

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर।** पुलिस ने सोमवार के दिन जब्त 16 मवेशियों को विभिन्न पशुपालकों को सौंप दिया।पुलिस के इस सकारात्मक पहल से पशुपालकों में हर्ष व्याप्त है। यहां बताते चले कि पिछले 15 जुलाई को विश्रामपुर पुलिस ने गो तस्करों से 16 मवेशियों को मुक्त कराया था। इस दौरान पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि तस्करों से मुक्त कराए मवेशी को थाना परिसर में रखने में परेशानी हो रही थी। इसलिए सरल अनुबंध कर स्थानीय पशुपालकों को उन्हे सौंप दिया गया।

## खोखमा निवासी मोहन राम की सर्पदंश से मौत

**नावा बाजार।** नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत तुकबेरा पंचायत स्थित खोखमा निवासी बंशी भूईंया के 35 वर्षीय पुत्र मोहनराम उर्फ खुशीराम की मौत सर्पदंश हो गई। मालूम हो कि मोहनराम अपने घर में रविवार की रात पत्नी के साथ सो रहे थे जहां नाग सर्प काट दिया ।काटने के बाद पत्नी को शरीर ठंडा महसूस हुई जहां देखने के बाद बिस्तर पर नाग पड़ा था । आनन-फानन में मोहन बिस्तर से उठकर सर्फ को मार दिया। कुछ समय बीत जाने के बाद मोहन को चक्कर देने लगा जहां परिजनों को सर्प काटने की आभास हुआ। मृतक मोहन राम को एमएमसीएच मेदिनीनगर भर्ती कराया गया जहां डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार खोखमा नर्सरी में हिंदू रीति रिवाज के साथ किया।

## दंगवार मिडिल स्कूल में बच्चों की उपस्थिती कम

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार मिडिल स्कूल में नामांकित बच्चों की संख्या 471 हैं। जबकि उपस्थित छात्रों की संख्या 272 है। वहीं यहां शिक्षकों की संख्या आठ हैं। जिसमें छह सरकारी व दो पारा शिक्षक कार्यरत हैं। यहां पांच शिक्षक मौजूद थे,अन्य शिक्षक प्रशिक्षण में गए थे। सोमवार को रसोई गैस पर एमडीएम बनाया जा रहा था।चावल दाल व सब्जी में आलू और नेनुआ बना था। यहां पर रसोइया चार हैं। जिसमें धनेशरी देवी, सुशीला देवी, कुंती कुंवर व लखपति देवी मौजूद थी,उन्होंने बताया कि यहां नियमित बच्चों को भोजन दिया जाता हैं।इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरी राम ने बताया कि कक्षा एक से पांच तक के नामांकित बच्चों की संख्या-263 हैं, जबकि छह से आठवीं कक्षा में 208 नामांकित छात्र हैं। जबकि एक से पांच में उपस्थित छात्रों की संख्या-165 और छह से आठवीं तक की कक्षा में 107 छात्र उपस्थित थे।

## पुलिस अपराधियों पर करें कड़ी कार्रवाई : किशोर

**नावा बजार।** जिला स्थित विश्रामपुर नगर परिषद के कबाड़ी व्यवसाई प्रभु साव के दुकान पर अपराधियों द्वारा बम व गोली चालन की घटना गंभीर मामला है। इस पर विश्रामपुर पुलिस को कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। इस प्रकार का कृत्य कर अपराधी व्यवसाईयों में भय व्याप्त करना चाहते हैं, ताकि उनसे रंगदारी की उगाही कर सकें। पुलिस की कानून सम्मत कठोर कार्रवाई से अपराधियों का मनोबल टूटेगा व व्यवसाई सुरक्षित रहेंगे। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कही। वे सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर पुलिस को शीघ्र कठोर कार्रवाई करते हुए सभी अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए स्पीडी ट्रायल करा कर सजा भी दिलवाए। ताकि कोई अपराधी इस प्रकार की अपराधिक घटना को अंजाम देने से डरें। कहा कि अपराधियों को मनोबल इतना बढ़ गया है कि खुलेआम बम व गोली चालन की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## संवेदक पर घटिया निर्माण के आरोपों को ग्रामीणों ने किया खारिज

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 के राईन मोहल्ला में नगर विकास विभाग द्वारा हो रहे नाली निर्माण के कार्यों में दूसरे मुहल्ले के लोगो द्वारा यूट्यूब चैनल में घटिया निर्माण बताने को स्थानीय लोगों ने पूरी तरह खरिज कर दिया। इतना ही नही बल्कि वार्डवासियों ने दो दर्जन से ज्यादा लोगो का हस्ताक्षर युक्त आवेदन नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी को दिया हैं और हो रहे विकास कार्यों का गुणवत्तापूर्ण करार दिया हैं। इधर संवेदक जाकिर अली ने कहा कि संलिप्त लोग पूर्वा ग्रह से ग्रसित हैं और पुराने मामले की दुश्मनी साधने और व्यतिगत मेरी छवि को खराब करने के नियत से ऐसा कर रहे हैं। मुझे फोंन से धमकी भी दी गयी है जिसकी रिकॉर्डिंग मैं थाना प्रभारी और अन्य लोगो को दे रहा हूं। इनलोगों के कारण मेरी मान प्रतिष्ठा का हनन भी हुआ है और मैं इससे काफी आहत हूं।आवेदन देने वालों में रहमत राईन,अनवर राईन, अख्तर, तनवीर राईन, मोहम्मद इम्तेयाज राईन, गौहर अली आफसा फातमा जया फातमा समेत दो दर्जन भर लोग का नाम शामिल हैं।

## हादसे में गंभीर प्रत्यूष ने तोड़ा दम

**नावा बाजार।** नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत तुकबेरा एनएच 98 मुख्य पथ पर हाईवे ट्रक के धक्के से गंभीर प्रत्यूष कुमार सोमवार को रांची रिम्स में इलाज के दौरान तोड़ा दम । मृत प्रत्यूष कुमार की खबर गांव पहुंचते ही मातम छा गई ।मालूम हो कि 13 जुलाई 2023 की सुबह कंडा निवासी स्वर्गीय आनंद मेहता का 11 वर्षीय पुत्र प्रत्युष कुमार व एक अन्य साथी मंजीत कुमार को हाइवा ट्रक धक्का मार दिया था जहां मंजीत की मौत हो गया था एवं प्रत्यूष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था ।जिसका इलाज रांची रिम्स में चल रहा था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई । इधर राजकीय मध्य विद्यालय तुकबेरा टोला में प्रधानाध्यापक वृंदा प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन 2 मिनट का मौन रखकर विद्यालय परिवार प्रत्यूष की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया । प्रत्यूष वर्ग 6 का छात्र था विद्यालय के दो छात्र की मौत से विद्यालय प्रबंधन काफी आहत में है।

## छठ घाट तक बनने वाले पीसीसी पथ बंद करने को लेकर आमरण अनशन

**विश्रामपुर।** नगर परिषद क्षेत्र के गोदरमा कला गांव निवासी युवा समाजसेवी मणि भूषण पांडेय सोमवार से आमरण अनशन पर बैठे हैं। इस संबंध में इनके द्वारा अनशन को लेकर पलामू उपायुक्त सहित सदर मेदनीनगर एसडीओ, विश्रामपुर सहायक नगर आयुक्त व रेहला थाना को सूचना दे दी गई है। आमरण अनशन पर बैठे मणि भूषण पांडेय ने कहा कि गोदरमा कला कब्रिस्तान से लेकर छठ घाट तक कच्चा रोड के उपर पीसी सड़क का निर्माण कार्य करने को लेकर विश्रामपुर नगर परिषद के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था। कुछ हिस्से में निर्माण कार्य भी हो गया है। लेकिन एक सोची समझी साजिश के तहत छठ घाट तक जाने वाले पथ निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई। छठ घाट पर गोदरमा कला गांव सहित सहित डिहरिया, भगगरूआ, भलूही आदि गांव के व्रती शामिल होते हैं। छठ घाट तक निर्बाध आवागमन बनाने को लेकर सड़क निर्माण कराने को ले दोनों समुदाय के लोगों की बैठक 15 फरवरी 2023 को की गई थी। जिसमें अंचलाधिकारी के द्वारा सीमांकन कराते हुए निर्माण कार्य को लें दोनों समुदाय के लोगों की सहमति बनायी गई। साथ हीं निर्माण कराने के लिए नगर परिषद से आग्रह किया गया। नगर परिषद के द्वारा निविदा आमंत्रित कर 12 जुलाई से कार्य शुरू कराया गया था। लेकिन शनिवार की सुबह विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम के द्वारा पत्र निर्गत कर निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया। निर्माण कार्य को लेकर दोनों समुदाय के लोगों की सहमति बनी फिर छठ घाट तक सड़क निर्माण कार्य कराने में परेशानी क्यों हो रही है। कब्रिस्तान के जमीन की चहारदीवारी 2004 में ही करा ली गई है।

### धार्मिक नगरी के रूप में भी प्रसिद्ध होगा नावाडीह कला : विधायक

# अष्टभुजी व साईं मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस 19 जुलाई को

### मंदिर के स्थापना दिवस पर कई धार्मिक कार्यक्रम होगें : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित मनोकमनापूर्ति अष्टभुजी मंदिर व साईं मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक 19 जुलाई को मनाया जायेगा। इस बार मंदिर के वर्षगांठ पर कई भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। इसकी जानकारी मंदिर के निर्माणकर्ता पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर के स्थापना दिवस पर कई धार्मिक कार्यक्रम होगें। सुबह सात बजे से 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और दिन के 12 बजे से शिव चर्चा होगी। जबकि दोपहर दो बजे से वृंदावन के रुद्र महाकाल ग्रुप द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जायेगी। इसके अलावा तीन बजे शाम से महाराष्ट्र के साईं भक्तों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जायेगी। शाम छः बजे गायत्री परिवार दीप महायज्ञ करेगा। इस दौरान दोपहर दो बजे से ही महाप्रसाद का वितरण और महाभंडारा शुरू हो जायेगा। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि नावाडीह कला शिक्षा का हब बन चुका है। अब इसे धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी के साथ पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जायेगा।जिससे विश्रामपुर नावाडीह कला झारखंड में प्रसिद्धि हासिल कर सके।मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, पंकज कुमार लाल,अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

## कंप्यूटर सेंटर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिहरगंज।** शहर के मिडिल स्कूल के समीप मेन रोड़ स्थित जीनियस कम्प्यूटर सेंटर में कम्प्यूटर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सेंटर के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता की सफल छात्रा रागनी को प्रथम, प्राची को द्वितीय, सच्ची को तृतीय तथा मंजू को चतुथ स्थान प्राप्त हुआ। जब कि छात्र वर्ग में मुस्कान को प्रथम तथा रूद्र प्रताप को द्वितीय, बिट्टू तृतीय तथा रामनंदन को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

**यूरेनियम कॉपोर्रेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
(CIN: U 12000 JH 1967 GOI 000806)
पीओ : जादूगुड़ा माइंस, जिला : पूर्वी सिंहभूम, झारखंड-832 102

यूसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर 01 (एक) बोलर-सह-कंप्रेसर अटेंडेंट की भर्ती करने का इरादा रखता है, जिसमें 01 (एक) के विस्तार का प्रावधान है।) कंपनी की आवश्यकता और उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर वर्ष। उपर्युक्त पद के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड और अन्य विवरण हमारी वेबसाइटः www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध है।

**सीबीसी 48134|12/0014/2324**

**Deputy Commissioner-cum- District Magistrate, Gumla, District Planning Office, Gumla**
2nd Floor, New Collectorate Building Gumla- 835207
Email: dpogumla1@gmail.com website: www.gumla.nic.in

Tender Reference No: - Date: -

**Very Short Expression of Interest (EOI):**
Selection of Agency for Design, Supply, Testing & Commissioning of Futsal Court

| # | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Selection of Agency for Design, Supply, Testing & Commissioning of Futsal Court at Gumla |
| 2 | Period of Work | 60 days |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 17th July, 2023 |
| 4 | Bid Cost | Nil |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.1,00,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) in favor of **Deputy Commissioner, Gumla** |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 25.07.2023 Time: 11:00 AM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date: 25.07.2023 Time: 3:00 PM |
| 8 | Presentation | Date: 25.07.2023 Time: 4:00 PM |
| 9 | Bid submission Place | District Planning Office, Gumla |
| 10 | Bid Opening Place | New Collectorate Conference Hall Gumla |
| 11 | Tentative cost of Bid | Related information can be inquired from office |
| 12 | Contact Number | Email Id: dpogumla1@gmail.com |

Signature
PR 302536 (Planning and Development) 23-24 (D) **Deputy Commissioner cum District Magistrate, Gumla**

**उप विकास आयुक्त-सह-**
**जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला**
**(मनरेगा कोषांग)**
e-mail→mgnregagumla@gmail.com

**इच्छा की अभिव्यक्ति का आमत्रंण**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक (N) 1218 दिनांक 13.10.2014 एवं सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक (N) 2558 दिनांक 13.09.2017 के अनुपालन में मनरेगा अंतर्गत गुमला जिले के सभी बारह (12) विभिन्न प्रखण्डों के 159 पंचायतों में कार्यान्वित योजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों की आपूर्ति करने के लिए सुयोग्य आपूर्तिकर्त्ताओं/प्रतिष्ठानों का सूचीकरण (Empanelment) किया जाना है।

इच्छुक प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्त्ताओं से विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 26.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। आवेदन विकास भवन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला में कार्यालय अवधि में जमा किया जा सकेगा।

इच्छुक प्रतिष्ठान एवं आपूर्तिकर्त्ता आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी दिनांक 26.07.2023 तक प्रत्येक कार्य दिवस में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय अथवा गुमला जिला के website: www.gumla.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

उप विकास आयुक्त–सह–
PR302555 (Rural Development)23-24*D जिला कार्यक्रम समन्वयक,गुमला

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**वेद व्यास आवास निर्माण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**
आवेदन की अंतिम तिथिः– 14.08.2023

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0–06 रा0(वि0) दिनांक 06.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु गढ़वा जिले के सक्रिय अथवा परंपरागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादक/ प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हो उनके लिए वेद व्यास आवास निर्माण योजना का लक्ष्य प्राप्त है, लक्ष्य संबंधी विवरणी निम्नवत् है :–

| जिला | प्राप्त भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | | कुल लक्ष्य | इकाई लागत |
|---|---|---|---|---|
| | सामान्य | अ0जा0 | | |
| गढ़वा | 25 | 03 | 28 | 120000/– |

उक्त योजना हेतु सुयोग्य लाभुकों के चयन के लिए आवेदकों से निम्न अर्हताओं के अधीन जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में दिनांक 14.08.2023 को अप0 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

अर्हताएँ निम्न् प्रकार हैं–
1. सक्रिय अथवा परंपरागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादक/ प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले एवं भूमिहीन मछुआ/मत्स्य पालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. घर हेतु जमीन उपलब्ध रहने अथवा कच्चा घर वाले को भी कंडिका 01 एवं 02 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है।
4. प्रति आवास देय राशि मो0 120000/– रू0 मात्र है।
5. एक परिवार से एक ही लाभुक को आवास देय होगा।
6. भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. BPL के लाभुकों को BPL का स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र की छाया प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
8. पूर्व से किसी सरकरी आवास निर्माण योजना का लाभ न मिला हो (संबंधि प्रखण्ड विकास पदा0 से सत्यापन कराना अनिवार्य है)
9. बैंक खाता पासबुक, आधार कार्ड तथा वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति।
10. दिव्यांग आवेदकों से दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
11. आवेदक के प्रस्तावित जमीन का जिस पर वेदव्यास आवास निर्माण होना है, जमीन का फोटो (लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।
12. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रुप से भरना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थान पर संबंधित पदाधिकारी का अनुशंसा आवश्यक है।
13. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा/सिंगल विण्डो सेन्टर से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।
14. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात एवं अधुरा आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
15. जिला स्तरीय गठित समिति को बिना कारण बताए किसी भी आवेदन पत्र को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**नोट :– आवेदन प्रपत्र कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।**

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
PR 302533 Fish (23-24)_D मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 01/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 14.07.2023

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल नं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/LATEHAR1/ 2023-24 | (1) एन0एच0 99 गोनिया से सिबला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 2.025 कि0मी0) (2) एन0एच0 99 से चुम्बा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 4.10 कि0मी0) (3) एन0एच0 99 से गुरवे तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 5.70 कि0मी0) | 687.307 | रू0 छः करोड़ सतासी लाख तीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/LATEHAR2/ 2023-24 | (1) एन0एच0 99 दामोदर से एस्सार प्लांट तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 5.50 कि0मी0) (2)एन0एच0 99 से सोपारम भाया जोगियाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 2.50 कि0मी0) | 528.435 | रू0 पॉच करोड़ अठाईस लाख तैंतालीस हजार पॉच सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/LATEHAR3/ 2023-24 | (1) मुरू आर0ई0ओ0 रोड से मुरू विद्यालय होते हुए बेतला फॉरेस्ट सीमाना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 2.70 कि0मी0) (2) एन0एच0 75 होटवाग से हेसलबार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 5.00 कि0मी0) (3) पी0डब्लू0डी0 रोड से बारीदोहर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 4.60 कि0मी0) (4) तरवाडीह से कोदाग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 5.00 कि0मी0) (5) शिव कुमारी जायसवाल के घर से संत क्लॉरेंट विद्यालय होते हुए लुहुर आर0ई0ओ0 पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 3.60 कि0मी0) | 931.188 | रू0 नौ करोड़ एकलीस लाख अठारह हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/LATEHAR4/ 2023-24 | (1) पॉकी पी0डब्लू0डी0 रोड से कोमर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 1.50 कि0मी0) (2) पी0डब्लू0डी0 रोड से बनियो तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 1.50 कि0मी0) (3) पी0डब्लू0डी0 रोड बिजली पावर हॉउस तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 2.00 कि0मी0) (4) लावागड़ा यात्री शेड से पी0एम0जी0एस0 वाई0 पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 5.10 कि0मी0) | 609.647 | रू0 छः करोड़ नौ लाख चौसठ हजार सात सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/LATEHAR5/ 2023-24 | (1) बालू से मासियातु भाया कुरीयाम गुरतुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 7.50 कि0मी0) (2) बरनी से हाथडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 2.10 कि0मी0) | 626.538 | रू0 छः करोड़ छब्बीस लाख तिरपन हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/LATEHAR6/ 2023-24 | बचरा से चमातु तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 7.65 कि0मी0) | 601.757 | रू0 छः करोड़ एक लाख पचहत्तर हजार सात सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.07.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 08.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची अथवा (3) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 10.08.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एंव अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, गामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एंव अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (10.08.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.08.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य से अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
PR 302507 REO (23-24)_D कार्य प्रमण्डल, लातेहार

# सावन सोमवारी पर जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रसाद वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में आज शीतला देवी एवं शनि मंदिर के समक्ष प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें शहर के सुप्रसिद्ध डॉ रोहित पांडे एवं चैनपुर प्रखंड के रजनीकांत पांडे जी के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे ,सचिव रणजीत रंजन, कोषाध्यक्ष मधु देवी, सुनील पांडे ,अखिलेश पाठक, बंटी गुप्ता, केंद्रीय सदस्य संतोष दुबे, पुष्पा देवी, रीना देवी, वंदना देवी, मधु लता चौबे ,सुषमा देवी, रानी देवी, किरण देवी, रूपा देवी, यशराज, गुंजन कुमारी सभी लोगों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। सुप्रसिद्ध डॉक्टर रोहित पांडे व रजनीकांत पांडे जी ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। अमावस्या एवं सावन सोमवारी 19 वर्षों के बाद आज यह दिन अति मनभावन है, ट्रस्ट का यह कार्य काफी सराहनीय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत दुबे व उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में निरंतर सावन सोमवारी का प्रसाद वितरण किया जाएगा साथ-साथ सदर अस्पताल मेदनिया राय मेडिकल कॉलेज में जरूरतमंदों के लिए नाश्ता का भी प्रबंध कराया जाएगा।

# इप्टा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 13वीं कड़ी संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 13 वीं कड़ी में 'भाषा का प्रयोग आज और कल' विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस चर्चा की अध्यक्षता वरिष्ठ इप्टाकर्मी सुरेश सिंह एवं लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स हेरेंज ने संयुक्त रूप से की एवं संचालन शिव शंकर प्रसाद ने किया। इस कड़ी की शुरूआत 12 वीं कड़ी की रिपोर्ट के साथ हुई। जिसे अच्छेलाल ने प्रस्तुत किया।विषय प्रवेश कराते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि भाषा का वर्गीकरण व्यवहार के आधार पर भी किया जाना आवश्यक है। इसके बाद व्याख्याता केडी ओझा ने कहा कि भाषा के बदलाव से मनुष्य के स्वभाव में भी बदलाव आता है। भाषा को संरक्षित और समृद्ध करना जरूरी है। संजीव कुमार संजू ने कहा कि शिक्षा के प्रसार से आपस में समन्वय बढ़ा है। अच्छे लाल प्रजापति ने कहा कि




बदलाव प्रकृति का नियम है भाषा में बदलाव होगा हमें सचेत रहने की जरूरत है। घबराने की आवश्यकता नहीं। शिक्षक गोविंद प्रसाद ने भाषा के व्यंगात्मक प्रयोग की चर्चा करते हुए हरिशंकर परसाई की कहानी इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर सुनायी। जेम्स ने के अनुच्छेद 291 का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान हमें अपनी लिपि और भाषा को संरक्षित करने का अधिकार प्रदान करता है। झारखंड एक ऐसा प्रांत है जहां कई भाषाएं बोली जाती है। जब देश में यूसीसी पर चर्चा हो रही है ऐसे में आज का विषय बहुत ही जरूरी विषय था। उन्होंने कहा कि जब एक भाषा मर जाती है तो उस क्षेत्र अथवा समुदाय का नाश हो जाता है।सुरेश सिंह ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए भाषा को मनुष्य की समृद्धि का साधन बताया। साथ ही भाषा को संवेग संवेदनात्मक विकास का साधन भी बताया। चर्चा के क्रम में घनश्याम कुमार एवं नंदलाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। चर्चा के दौरान कुलदीप राम, नंदलाल सिंह, जावेद अख्तर, भोला, घनश्याम कुमार, शशि पांडे, उमाशंकर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना पूर्वी में रविवार की रात रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात व्यक्ति का शव टीओपी 3 प्रभारी मंटूस्ट महतो,हवलदार धर्मेंद्र राम और सहायक पुलिस के जवान प्रफुल्ल कुमार सिंह ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने टीओपी3 प्रभारी मंटूस्ट कुमार को सूचना दी कि सुदना रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के तुरंत बाद मंटूस्ट महतो घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिये। यदि कोई भी व्यक्ति इस अज्ञात को पहचानते हैं तो शहर थाना का मोबाइल नंबर 94 317 062 49 पर संपर्क करें।

## शहर में पेयजल की समस्या विकराल

# बरसात बढ़ी फिर भी चापाकल में जल नदारत

**लागातार वर्षा नहीं होने के कारण अभी तक जलस्तर नीचे से ऊपर नहीं आया**

**इस समय पलामू की बड़ी आबादी पानी के लिए तरस रही है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में वर्षा होने पर भी क्षेत्र के कई पंचायतों में पेयजल की समस्या गहरा रही है। भूगर्भीय जलस्तर के नीचे चले जाने के कारण चापाकल सूखे पड़े हैं। इसे लेकर आम लोगों की परेशानी के साथ आनेवाले दिनों को लेकर चिंता बढ़ गयी है। शहर में पेयजल की समस्या विकराल होती जा रही है, जबकि मेदिनीनगर के सभी वार्डों को नगर निगम ने गोद ले रखा



है। घनघोर वर्षा नहीं होने के कारण अभी तक जलस्तर नीचे से ऊपर नहीं आया है और जल संकट गहराया हुआ है। इस समय पलामू की बड़ी आबादी पानी के लिए तरस रही है। सुबह उठते ही उनके दिलों दिमाग में सिर्फ पानी ही पानी चल रहा है। जैसे जैसे बरसात नजदीक आ रही है लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचती जा रही है। अगर बारिश अच्छी नहीं हुई तो स्थिति और मुश्किल हो जाएगी। खासकर नगर निगम बार्ड में जहां दो-चार बाल्टी पानी के लिए सारा दिन निकल जाता है।हर साल की भांति इस वर्ष भी बहुत मुश्किल से गर्मी के मौसम को बहुत मुश्किल से वार्ड वासियों ने पार किया है और बेसब्री से वर्षा ऋतु का इन्तजार कर रहे थे। ताकि चापानल का लेयर उपर आये। लेकिन जैसे जैसे बरसात जा रही है लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें खिचती जा रही हैं।अगर बारिश अच्छी नहीं हुई तो स्थिति और मुश्किल हो जाएगी। शहर के आबादगंज, बड़की बैरिया, छोटकी बैरिया, निमिया, पहाड़ी मोहल्ला के अलावा अन्य ड्राई जोन इलाके में गर्मी के मौसम में स्थिति भयावह रहती है। सरकारी स्तर पर जो चापाकल लगे हैं उनमें ज्यादातर खराब हैं। जलस्तर नीचे जाने से भी चापानलों में पानी नहीं आ रहा है।

# सदर अस्पताल में अज्ञात दिव्यांग व्यक्ति का इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में एक दिव्यांग अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसका इलाज यहां के डॉक्टर और कंपाउंडर के द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस अज्ञात व्यक्ति को रविवार की रात पीसीआर वाहन के द्वारा घायल अवस्था में सड़क से उठाकर मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इसका इलाज चल रहा है। यदि कोई व्यक्ति इस अज्ञात व्यक्ति को पहचानते हैं तो मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचकर इससे संपर्क किया जा सकता है।



## पूर्व महापौर ने की अत्याधुनिक किड्स जोन निर्माण की घोषणा

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने निगम द्वारा निर्मित मोहल्लों में बने दादा - दादी पार्क में लगे मल्टी प्ले स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बताया कि जल्द ही शिवाजी मैदान में वाकिंग ट्रेक, लाइट, शौचालय, स्टेज, ग्रीन रूम बनकर तैयार होने वाला है। जहां माताएं बहने बुजुर्ग सुबह शाम सुरक्षित रूप से टहल सकेंगे। साथ ही गांधी उद्यान में बड़े शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक किड्स जोन का निर्माण भी चल रहा है, जिसमें अत्याधुनिक 70 डी थिएटर , भूत बंगला, बुल राइडर एवं बंपर कार रेस लगाया जा रहा है।

## संत मरियम विद्यालय में शोकसभा सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय कजरी ब्रांच के छात्र कौशल कुमार वर्मा जो बारहवीं वाणिज्य का विद्यार्थी था, कल 17 जुलाई को रविवार छुट्टी के दिन सैर पर निकला था। लातेहार जिला में सुगाबांध जलप्रपात घूमने गया था। जलप्रपात में फिसलने से गहरे पानी में जा गिरा और मौके पर मौत हो गई। आज संत मरियम विद्यालय में बच्चों के बीच दो मिनट का मौन रख शोकसभा की गई। बच्चों के बीच घटना के विस्तृत जानकारी दी गई ताकि भविष्य में ऐसी अप्रिय घटना न हो । शोकसभा के बाद आज एक दिन के लिए विद्यालय में छुट्टी कर दी गई।

# गतका प्रतियोगिता में पलामू जिले को तृतीय पुरस्कार मिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 15-16 जुलाई को धनबाद में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में पलामू को तृतीय बेस्ट टीम का पुरस्कार प्राप्त हुआ । मौके पर पलामू गतका अध्यक्ष सुमित बर्मन ने बताया की पलामू में आयोजित जिला स्तरीय गतका प्रतियोगिता से 36 विजेता खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें द कराटे एकेडमी की काजल कुमारी अंडर 14 खेलते हुए गोल्ड मेडल जीती। वही ओसी, अगरिया प्रियदर्शनी, जायस, प्रियांशु ने सिल्वर मेडल जीता तो वही अंशिका प्रिया , कार्तिकेया, विष्णु ने ब्राउज मेडल जीता। साथ ही संत मरियम स्कूल के रोशन कुमार, पीयूष राज मेहता, आयुष कुमार ने गोल्ड मेडल वहीं शिवम कुमार ने ब्राउज मेडल जीता। ओरिएंट पब्लिक स्कूल के उमंग दुबे ने गोल्ड वहीं ऋतिक राज तिवारी ने सिल्वर मेडल जीता। गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के सूरज गिरी को गोल्ड मेडल तो वहीं सुभम सिंह, सात्विक पांडे ने ब्राउज मेडल जीता यह सभी खिलाड़ी जिला अध्यक्ष सुमित बर्मन, दीपेंद्र सिंह, दीपक तिवारी, अमरेश मेहता के साथ धनबाद शनिवार को रवाना हुए थे । विजेता सभी खिलाड़ी राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता जो की आसाम में 4 अगस्त से 6 अगस्त तक आयोजित की जाएगी में भी हिस्सा लेंगे।

# सुगा फॉल में डूबने से मेदिनीनगर के दो युवकों की मौत

**नहाने के दौरान हुआ हादसा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के प्रसिद्ध सुग्गा फॉल में डूबने से रविवार को दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के पनेरीगली निवासी ओम प्रकाश के पुत्र आदित्य कुमार उम्र 19 ,और कौशल कुमार उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई है,बताया जाता है कि फॉल में नहाने के दौरान दोनों युवक डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार दोनो युवक रविवार की दोपहर घर से परिजनों को यह कहकर निकले की वह अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा रहे है। परंतु वह लातेहार जिले के प्रसिद्ध सुगा बांध में घूमने चले गए। वहां दोनों युवक सुगा फॉल में नहाने उतर गए। रविवार को बारिश होने के कारण फॉल की धार काफी तेज थी। नहाने के क्रम में ही दोनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। हालांकि उनके साथ गए अन्य युवकों ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया। लेकिन पानी की धार तेज होने के कारण वह लोग डूब रहे युवकों को बचाने में सफल नहीं हो सके।बाद में लोगों के द्वारा इस घटना की सूचना बारेसाढ़ थाना को दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी रंजीत यादव के नेतृत्व में पुलिस बल तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हुआ। पुलिस के द्वारा रेस्क्यू कर दोनों युवकों को फॉल से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक दोनों की मौत हो गई थी। बाद में पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में ले लिया. वहीं घटनास्थल पर मौजूद युवकों से पूरी घटना की जानकारी ली। वही लातेहार में पोस्टमार्टम के बाद सोमवार की सुबह शव परिजनों को सौंप दिया गया है। सोमवार को दोनो युवकों का शव घर पर लाया गया।शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वही दोनों युवकों को देखने के लिए स्थानीय लोगों की हजारों भीड़ उमड़ी हुई थी।

### काफी खतरनाक है सुगा बांध

गौरतलब हो कि प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सुगा बांध जितना खूबसूरत है, उतना ही खतरनाक भी है। बांध से तेज रफ्तार में काफी नीचे सीधे चट्टान पर पानी गिरता है। नदी में बाढ़ आने के बाद यह और अधिक खतरनाक हो जाता है। यदि इस दौरान थोड़ी भी लापरवाही बरती गई तो जानलेवा भी हो जाता है। हालांकि नवंबर से लेकर फरवरी माह तक यहां पर्यटकों की भारी भीड़ होती है। इस कारण सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम होते हैं। बरसात के दिनों में यहां पर्यटक नहीं के बराबर जाते हैं। ऐसे में बरसात के दिनों में यहां काफी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है।

## ऋत्विज समाज ट्रस्ट ने दी मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति

**मेदिनीनगर।** ऋत्विज समाज ट्रस्ट ने इस वर्ष ब्राह्मण परिवार के मेधावी 27 छात्र छात्राओं को छात्रवृति योजना का लाभ दिया। इसे लेकर शहर के हमीदगंज मोहल्ला निवासी विभाकर नारायण पांडेय के आवास पर कार्यक्रम हुआ। संस्था के संरक्षक डा अरुण शुक्ला,डा वनजा शुक्ला एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने चयनित छात्र छात्राओं के बीच छात्रवृति राशि के चेक वितरित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। छात्रों को स्व लक्ष्मण शुक्ल मेमोरियल छात्रवृति योजना एवं छात्राओं को स्व शिवकुमारी देवी मेमोरियल छात्रवृति योजना का लाभ दिया गया। संरक्षक डा शुक्ला ने अपने भविष्य को संवारने के लिए पूरे मनोयोग के साथ पढ़ाई करने का सुझाव छात्र छात्राओं को दिया। उन्होंने कहा आईआईटी एवं नीट की परीक्षा में बेहतर करने वालो छात्र छात्राओं को भी छात्रवृति का लाभ दिया जायेगा। डा वनजा शुक्ला ने कहा कि शिक्षा से ही भविष्य सुंदर बनेगा। इसलिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी.संस्था के उपाध्यक्ष मणिकांत उपाध्याय ने भविष्य को संवारने के लिए विद्यार्थियों को कई टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष बलराम तिवारी ने की। संचालन राजीव रंजन पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष हरिनंदन चौबे ने किया। संस्था के दीनानाथ तिवारी ,सुनील तिवारी,सत्येंद्र तिवारी,रजनीकांत पांडेय,छात्र अंशिका तिवारी,दूबे निधि कुमारी ने विचार व्यक्त किये। मौके पर महेंद्र पांडेय,संजय ओझा,रामधनी पांडेय,नवनीत,रमेश पांडेय, बिरेंद्र तिवारी, देवेंद्र तिवारी,नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## संगठन की ताकत पर पलामू लोकसभा चुनाव लड़ेगी कांग्रेसः बिट्टू

**मेदिनीनगर।** आज दिनांक 17 जुलाई छतरपुर प्रखंड एवं मंडल कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक परी मैरिज हॉल मे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने की।संचालन नगर अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रभारी मिथिलेश कुमार सिंह मौजूद थे।बैठक में जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि कार्यकताओं के बल पर लोकसभा एवं सभी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी परचम लहराएगी। प्रखंड, मंडल पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि लक्ष्य 2024 को लेकर जल्द से जल्द बूथ में काम शुरू किया जाए। पलामू में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत है, लोकसभा के साथ सभी विधानसभा में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार राम ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से सलाउद्दीन अंसारी हसनाथ खान विश्वनाथ चौधरी राजन चंद्रवंशी मदन विश्वकर्मा सागर पासवान सुभानी अंसारी महिला प्रखंड अध्यक्ष रिंकी देवी चंपा देवी प्रमिला देवी सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

# पशु शेड में भुगतान के नाम पर गबन का खेलः संग्राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उताकी पंचायत के ग्रामीणों द्वारा एक आवेदन प्राप्त हुआ है जांच में यह पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं योजना 2022 23 में लिया गया योजना को बीना कार्य कराये वेंडर के खाते मे भुगतान कर दीया गया है।आखिर कब तक पशु शेड के नाम पर गबन होता रहेगा। ऐसे में उपायुक्त ,उप विकाश आयुक्त से कहना है कि गबन के मामले पे खुद संज्ञान में लेकर कार्यवाई कराएं। ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया,



पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, एवम बीपीओ सभी मिलकर सरकारी राशि का गबन किया हैं। ऐसे में उचित कार्रवाई के लिये जिप सदस्य संग्राम सिंह ने मांग की है।

## कांग्रेस की बैठक में चुनाव पर चर्चा

**मेदिनीनगर।** महुआडांड़ अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत स्थानीय डाक-बंगला प्रशाल में कांग्रेस जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्याम नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा की अब वक्त आ गया है कि ऐसे निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

# पुलिस जवान ने रिलीज किया बोलबम का गाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना के टीओपी वन में कार्यरत टाइगर मोबाइल के जवान रामजी कुमार राम ने सावन के पावन महीने पर एक और बेहतरीन गाना 'बोल बम के मेला' को रिलीज किया है। यह गाना लोगो को खूब भा रहा है।अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान भी इस गाने को सुन कर रामजी की खूब तारीफ कर रहे हैं।रामजी पुलिस जवान में तैनात होकर पब्लिक की सेवा तो कर ही रहे है। इसके साथ ही वे लोगों के मनोरंजन के लिए अपना बहुमूल्य समय निकाल कर एक से बढ़ कर एक गीत प्रस्तुत करते नजर आ रहे हैं। जो आपको यूट्यूब चैनल और फेसबुक पर देखने को मिल जाएगा। पिछले दिनों भी उन्होंने पलामू और गढ़वा जिला पर आधारित एक गीत प्रस्तुत किया था। जिसका नाम 'ए शहरी डॉल' है।इस गाने की लोग खूब तारीफ कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए टाइगर मोबाइल के जवान रामजी कुमार राम ने बताया कि उन्हें गाने बजाने का काफी शौक है, वह बचपन से ही गीत संगीत के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे है। अभी तक उन्होंने कई तरह के गीत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने परिवार और पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाया है। इस बीच उनके कई गाने सुपरहिट भी हुये हैं। अपनी सफलता को लेकर उन्होंने अपने सहयोगियों को धन्यवाद दिया है।

**कार्रवाई** — **वरीय अधिकारियों के निर्देश पर**

# रेलवे स्टेशन पर चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

**पकड़े गये यात्रियों से राजस्व 1 लाख 24 हजार 470 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज- धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से चोपन के बीच लंबी दूरी की विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस में अतिविशेष टिकट चेकिंग की गयी। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान में 218 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में



पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 24 हजार 470 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊजार्वान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर मध्यरात्रि लंबी दूरी की विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

# ‘मोहर्रम के त्योहार पर भ्रामक अफवाह से बचें’

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में की अपील, अशांति अव्यवस्था फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की दी गयी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
मोहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सोमवार को मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बीडीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोगों के अलावे मुखिया बीडीसी, वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। शांति समिति की बैठक में एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने लोगों से मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने सोशल मीडिया पर भ्रामक अफवाह फैलाने से बचने को कहा। शांति तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि उनके खिलाफ कानून सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। बीडीओ प्रवेश कुमार साव, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, अंचलाधिकारी निकिता बाला, उप प्रमुख निजाम खान इत्यादि ने लोगों से मोहर्रम को मेराल के शांतिपूर्ण इतिहास के अनुकूल इस वर्ष भी आपसी भाईचारे शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का आग्रह किया। लोगों ने कहा कि हर जिम्मेदार व्यक्ति अपने अपने क्षेत्र में शांति बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। बीडीओ प्रवेश कुमार साव, अंचलाधिकारी निकिता बाला, थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने लोगों से कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान अशांति तथा अव्यवस्था फैलाने का कोशिश करेंगे तो उनके साथ पूरी सख्ती से निपटा जाएगा।



मौके पर दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि सह झामुमो नेता करीब अंसारी, झामुमो जिला युवा सचिव अतहर अली अंसारी, पूर्व मुखिया महबूब अंसारी, खालिद खान पूर्व मुखिया बाल्मीकि चौबे मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर मेहता भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा समाजसेवी सह झामुमो नेता अजय प्रसाद गुप्ता, शिव कुमार चौधरी मुखिया अजीज अंसारी, मुखिया वीरेंद्र तिवारी फिरोज अंसारी, संजय भगत इत्यादि ने भी मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए लोगों से आग्रह किया।

## अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें जिम्मेदार, सोशल मीडिया पर रखी जाएगी नजर

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
मुहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को खरौंधी थाना परिसर में बीडीओ गणेश महतो के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुखिया बीडीसी, वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इसमें आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का आग्रह किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि हर जिम्मेदार व्यक्ति अपने अपने क्षेत्र में शांति बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ताजिया निकाले जाने का रूट चाट प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी अभय कुमार ने लोगों से कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचें। अव्यवस्था तथा अशांति कि स्थिति में प्रशासन को त्वरित सूचना दें ताकि ससमय आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



थाना प्रभारी अभय कुमार ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार से अशांति तथा अव्यवस्था फैलाने का कोशिश करेंगे तो उनके साथ पूरी सख्ती से निपटा जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी। इस बैठक का संचालन सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। मौके पर बसंत कुमार यादव, रामकृपाल द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, उपेंद्र भारती, कृष्णा साह, प्रखंड सदर समसुद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन, बदरे आलम, लियाकत अली, नजरे आलम, लौटन बैठा, गुलाबचंद मेहता, अलीम अंसारी, बसंत यादव, सतीश राम, बीडीसी कृष्णा राम, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, बृजबिहारी दुबे, कांति प्रसाद द्विवेदी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ‘राज्य को डोमिसाइल की आग में झांका था मरांडी ने’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
भारतीय जनता पार्टी एक सोची-समझी साजिश के तहत झारखंड राज्य को बर्बाद करना चाहती है। बाबूलाल मरांडी तत्कालीन मुख्यमंत्री रहते हुए झारखंड के सभी समुदायों को अपनी राजनीति चमकाने के लिए डोमिसाइल की आग में झोंक दिया था, जिससे सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। उक्त बातें कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संगठक सह प्रखंड बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही हैं। उन्होंने कहा कि ये वही बाबूलाल है जो कभी कसमें खाते थे -मैं मर जाऊंगा लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा, लेकिन पद और कुर्सी का लालच ऐसा होता है कि इंसान को कहां से कहां पहुंचने व घुटने टेकने पर मजबूर कर देता है। बाबूलाल मरांडी की मनसा को

### कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संगठक सह प्रखंड बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ने किया भाजपा पर हमला



कांग्रेस पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी। जो राज्य को ठीक ढंग से नहीं चला सके, इनके साथी लोगों ने ही इनकी सरकार गिरा दी। उन्होंने कहा कि राज्य में इनसे नाकाम व्यक्ति कोई हो ही नहीं सकता। झारखंड राज्य के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी संकल्पित है और भविष्य में भी झारखंड राज्य के छात्र-छात्राओं, गरीब किसान मजदूरों के साथ पूरी मजबूती के साथ कांग्रेस पार्टी खड़ी है।

# एक ही यू डाइस कोड पर दो-दो विद्यालय!

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
एक ही यू डाइस कोड पर दो दो विद्यालयों का संचालन होने के मामले की सोमवार को जांच की गयी। डीएसई आकाश कुमार के निर्देश पर जांच करने पहुंची बीईईओ प्रतिमा कुमारी व बीपीओ रेनू बाला के द्वारा सबसे पहले डंडाई निवासी रामगुलाम साह के घर में निबंधन वर्ष से संचालित होते आ रहे होली फेथ पब्लिक स्कूल की जांच की गयी।

इस दौरान अधिकारियों के द्वारा विद्यालय के निदेशक सुमंत लाल से शिक्षक व बच्चों के बारे में जानकारी हासिल करने का काम किया गया। वहीं उनकी पूछताछ के बाद निदेशक ने विद्यालय में पढ़ा रहे दर्जनों प्रशिक्षित शिक्षकों को उनके सामने खड़ा कराया। उसके बाद बारी-बारी से उक्त अधिकारियों के द्वारा उनसे योग्यता के बारे में पूछताछ की गयी। इसी बीच उक्त विद्यालय के नाम से अवैध तरीके से खोले गए दूसरे

### बीईईओ व बीपीओ ने संयुक्त रूप से की विद्यालय की जांच, निदेशक सुमंत ने मजबूती से रखा अपना पक्ष, कहा- होली फेथ पब्लिक स्कूल का वास्तविक निदेशक मैं

विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार को भी वहां बुला लिया गया। दोनों निदेशकों से उक्त अधिकारियों के द्वारा विद्यालय से संबंधित जानकारी हासिल की गई। उनके पूछताछ में सुमंत ने विद्यालय के निबंधन से लेकर अब तक के बारे में विस्तृत ढंग से जानकारी दी। वहीं विवेक ने भी अपना विद्यालय होने की बात उक्त अधिकारियों से बताते रहा लेकिन उनकी बात से अधिकारी संतुष्ट नहीं दिखे।

इस बीच जांच करने पहुंची बीपीओ रेनू बाला ने भी होली फेथ पब्लिक स्कूल को पुराने घर में ही पूर्व से संचालित होते आने की बात कही। उसके बाद कई ग्रामीणों ने भी उनकी बातों पर सहमति जताया और कहा कि निबंधन काल से पूर्व से ही होली फेथ पब्लिक स्कूल डंडाई निवासी रामगुलाम साह के घर में संचालित होते हैं आ रहा है जो अभी तक चल रहा है। उसके बाद उक्त अधिकारियों के द्वारा विद्यालय के नाम से फर्जी तरीके से खोले गए दूसरे विद्यालय का भी पड़ताल करने का काम किया गया। वहां जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने उसके निदेशक से विद्यालय के बारे में लिखित पक्ष लेने का काम किया गया, जबकि इससे पहले सुमंत लाल की ओर से भी उनके द्वारा विद्यालय निबंधन से लेकर अब तक के बारे में लिखित पक्ष लेने का काम किया गया।

अधिकारियों को दिए लिखित जवाब में निदेशक सुमंत ने लिखा है कि होली फेथ पब्लिक नामक स्कूल निबंधित होने से पहले जहां चल रहा था वहीं आज भी चल रहा है। विद्यालय के बतौर निदेशक के पद पर मैं और विवेक कुमार को प्राचार्य के रूप में विद्यालय संचालन की जिम्मेवारी मैं दे रखा था। विद्यालय के सभी तरह का कागजात उनके द्वारा एक दराज में बंद कर रखने का काम किया जा रहा था। उन्हीं की देखरेख में निबंधन के बाद वर्ष 2022 के जुलाई माह तक विद्यालय सुव्यवस्थित ढंग से रामगुलाम शाह के मकान में संचालित होते रहा। इसी बीच उनके द्वारा मुझे धोखा देकर दराज में बंद विद्यालय के सभी तरह के कागजातों को लेकर गायब हो जाया गया। उसके कुछ ही दिन बाद मेरे विद्यालय से सटे उसी नाम का दूसरा विद्यालय उनके द्वारा खोल दिया गया, जिसकी दीवार पर मेरे ही विद्यालय का यू डाइस कोड अंकित करा दिया गया है। मौके पर अधिकारियों ने बताया कि जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एक-दो दिन के अंदर डीएसई कार्यालय में रिपोर्ट सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# मुखिया ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के कोलझीकी पंचायत अंतर्गत कोइन्दी ग्राम में मुख्य पथ से संतार यादव के खेत तक 15वें वित्त आयोग मद से 1 लाख 99 हजार की अनुमानित लागत से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया सुनीता देवी ने नारियल फोड़कर किया।

इस मौके पर मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। इस सड़क के बन जाने से सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में पैदल चलने में काफी परेशानी हो रही थी। अब इस सड़क के बन जाने से हमारी समस्या दूर हुई। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया सुनीता देवी को सड़क निर्माण कराने के लिये धन्यवाद दिया। मौके पर बशारत अंसारी, सद्दाम अंसारी, संतार यादव, द्वारिका भुइंया, सफदर अली, रहमत अली, नुरेमोजशम, औरंजेब अंसारी, महबूब अंसारी, सुरेश चंद्रवंशी, विनय भुइंया, बिशुन सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# वाराणसी में बंधक बना खरौंधी का युवक

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड के बजरमरवा के एक मजदूर का बनारस में बंधक बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बंधक मजदूर के पिता उमेश गुप्ता ने थाने में आवेदन देकर भवनाथपुर की टीकर की रहने वाली दुलारी कुमारी पर अपने लड़के को बनारस में बंधक बनाकर मजदूरी कराने का आरोप लगाकर कार्रवाई करते हुए बंधन मुक्त कराने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है। वहीं सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो बजरमरवा गांव जाकर परिजनों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। मजदूर के पिता ने आवेदन में उल्लेख किया है कि

### परिजनों ने थाने में आवदेन दे मुक्त कराने की मांग की



उसके पुत्र रोहित गुप्ता को लगभग चार माह पूर्व दुलारी कुमारी ने फोन करके बनारस में 15 हजार रुपये प्रति माह नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया था। इसके एवज में उसने उसके पुत्र से 15 हजार रुपये की मांग की। रोहित गुप्ता ने उसके झांसे में आकर 15 हजार रुपये दे दिये। इसके बाद उक्त लड़की ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर बनारस बुला लिया। रोहित बनारस के टेंगरा मोड़ के समीप किसी कंपनी में मजदूरी करने लगा। उसी समय से रोहित को बंधक बनाकर मजदूरी करवाया जा रहा है। आजतक उसे एक दिन की मजदूरी नहीं दी गई। पैसा नहीं मिलने पर उसने घर आने की बात कही तो कंपनी के अन्य स्टाफ ने उसके साथ मारपीट की। उसे बंदी बनाकर रखा गया है। उसे घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। रोहित की तबीयत खराब हुयी तो उसने इलाज के लिए मुझसे पैसे मांगे थे। मैं उसे एक बार एक हजार तथा दूसरी बार पंद्रह हजार रुपये भेज चुका हूं। उसके चंगुल में फंसे हमारे गांव के तीन लड़कों ने रात्रि में किसी तरह भागकर जान बचायी।

# पारा शिक्षक व उप प्रमुख का मामला पहुंचा प्रखंड

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
पारा शिक्षक दीनानाथ प्रसाद व उप प्रमुख अंजली देवी का मामला सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचा। ग्रामीण धनंजय राम ने दोनों के खबरों से संबंधित अलग अलग अखबार की कटिंग के साथ सी ओ सह एम ओ चोनाराम हेंब्रम को लिखित आवेदन दिया दिया है।

एम ओ को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि मैं और मेरे जैसे कई गरीब व्यक्तियों को सिर्फ ग्रीन राशन कार्ड का लाभ दिया जा रहा है, जबकि अखबार में छपी खबर में पारा शिक्षक की पत्नी व उप प्रमुख सहित उनके परिवार के लोगों को वर्षों से ए ए वाई और पीएच राशन

### रिकवरी के साथ संपन्न लोगों का राशन कार्ड रद्द कर गरीब लोगों का बनाये जाने की मांग

कार्ड का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही धनंजय ने लिखा है कि उक्त सभी लोगों से खाद्यान्न की रिकवरी करते हुए राशन कार्ड रद्द कर उनके और प्रखंड के अन्य निरीह व्यक्तियों के नाम से एएवाई के साथ-साथ पीएच राशन कार्ड बनाया जाए। एम ओ चोनाराम हेंब्रम ने बताया कि आवेदन में दोनों व्यक्तियों से संबंधित अखबार में छपी खबर की कटिंग भी साथ है। उन्होंने कहा कि मामले की पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 151 चिकित्सकों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले देश के 151 चिकित्सकों को रविवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने सम्मानित किया। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति, पटना की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन बिहार विधान परिषद के उप सभागार में किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, मंत्री लेसी सिंह, आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, पद्मश्री डॉ आरएन सिंह, पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह और समिति के सचिव डॉ एसपी सिंह ने किया। डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार सिंह और डॉ आरएन सिंह ने चिकित्सकों को




बेहतर कार्य की सराहना की। डॉ पीके वर्मा को हृदय रोगियों के जटिल बीमारियों से निपटने तथा अपनी जान को हथेली पर रखकर कोरोना के मरीजों को बेहतर परामर्श देने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समिति के सचिव डॉ एलबी सिंह ने कहा कि हम दुनिया के सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले देश व विदेश के लोगों को अपनी ओर से सम्मानित करने का प्रयास किया है। चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा के संस्थापक डॉ कुलदेव चौधरी ने डॉ वर्मा को अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर खुशी जताई है। हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ पीके वर्मा महीने में दो बार गढ़वा में सेवा प्रदान करते हैं।

**धर्म-कर्म**

## लज्जा हमारे राष्ट्र की संस्कृति है, इसके बिना पशु और मनुष्य में अंतर नहीं : महाराज

# अच्छे कर्म से ही सुख की होती है प्राप्ति : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
हमारे द्वारा किये हुए कर्मों का फल सुख और दुख के रूप में प्राप्त होता है। उक्त बातें जीयर स्वामी महाराज ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे चाहने के बाद भी दुख हमारा पीछा नहीं छोड़ता है, ठीक उसी प्रकार से हम नहीं भी कामना करेंगे तो हमारा सुख और आनंद हमारे पास रहेगा। जैसे हम दुख के लिए प्रयास नहीं करते हैं, ठीक उसी प्रकार सुख के लिए भी हमें प्रयास नहीं करनी चाहिए। हमें अपने कर्तव्य व कर्म को अच्छा करना चाहिये। उन्होंने कहा कि लज्जा हमारे राष्ट्र की संस्कृति है। जहां लज्जा नहीं रहती है वहां सब कुछ रहने के बाद भी कुछ रहने का औचित्य ही नहीं बनता है। लज्जा मानव की गरिमा है। अगर इसे संस्कृति से हटा दिया जाये तो पशु और मनुष्य में कोई अंतर हीं नहीं रह जायेगा। उन्होंने कहा कि लोग विवाह से पहले ही पत्नी के साथ फोटो खिंचवा कर दूसरे को, मित्र को भेज देते हैं। मनुष्य को गरिमा और लज्जा (शर्म) का ख्याल रखना चाहिए। यहीं कारण है कि हम संस्कृति को भूल जाने के कारण सभी साधन रहने के बाद भी निराश हैं। उन्होंने कहा कि भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करना ही श्रेष्ठ प्रायश्चित है। मन द्वारा, वाणी द्वारा, शरीर द्वारा भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करते हुए उनके नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का



जो उपासना करता है, यह श्रेष्ठ प्रायश्चित है। यह जितना श्रेष्ठ प्रायश्चित है उतना श्रेष्ठ प्रायश्चित यज्ञ, दान, तप भी नही है। यज्ञ, दान, तप करने वाला हो सकता है उसके पापों का मार्जन न हो, लेकिन जो मन से, वाणी से पवित्र होकर नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो भावना करता है, यहीं सबसे श्रेष्ठ प्रायश्चित है।

### जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है

स्वामी ने कहा कि भागवत कथा अनुष्ठान से सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय संसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है। यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती। उन्होंने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है। ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या व विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है। शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की संपत्ति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते हैं। मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं। मांस खाने के लिये परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए। मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है। अगर मुनष्य छह माह कच्चा मांस खा ले तो चर्म रोग के साथ ही उसका पाचन तंत्र बुरी तरह कुप्रभावित हो जाएगा। अपने स्वार्थ व गलत इच्छा की पूर्ति के लिए कुतर्क का सहारा नहीं लेनी चाहिए।

# वीसी ने जीयर स्वामी का दर्शन कर लिया आशिर्वाद



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा ग्राम में पूज्य संत जीयर स्वामी महाराज के संकल्पित चातुर्मास्य व्रत स्थल पर सोमवार को वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी आरा एवं बाबा साहब आंबेडकर यूनिवर्सिटी मुजफ्फरपुर बिहार के वीसी डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ पहुंचे। डॉ. चतुर्वेदी ने महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ चतुर्वेदी ने यहां कि व्यवस्था देख श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा महायज्ञ में पधार कर पुण्य का भागी बनने की बात कही। समिति की ओर से लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे व उमेश शुक्ला ने डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी को अंगवस्त्र व श्री बंशीधर मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण व माता राधिका की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर पं श्यामसुंदर दुबे, पं. तारकेश्वर पांडेय, मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़े भक्त

## चंदवा ब्लॉक के श्रद्धालुओं ने नगर मंदिर स्थित शिवालय में किया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के सैकड़ों युवक-युवतियों ने पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार को चंदवा के अलौदिया स्थित गुलाइची धाम से जल लेकर नगर मंदिर स्थित शिवालय में जलाभिषेक किया। इससे पहले सुबह से ही युवाओं की भीड़ गुलायची धाम में उमड़ने लगी। इसके बाद सभी लोग नगर मंदिर के लिए रवाना हुए। इस दौरान सभी शिवभक्त डीजे के धुन में मस्ती के साथ शिव के जयकारे लगाते हुए

### सुबह से ही युवाओं की भीड़ गुलायची धाम में उमड़ने लगी, जहां से मंदिर के लिए रवाना हुए

नगर मंदिर स्थित शिवालय पंहुचे। इसके अलावा कई लोगों ने देवनद से जल उठाकर गुलायची धाम, शनि मंदिर स्थित शिवालय व अपने अपने क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक किया। दूसरी सोमवारी को शिवभक्तों की बड़ी भीड़ शिवालयों में देखने को मिली।

## वनवासी कल्याण केंद्र ने निकाली कलश यात्रा, बोल बम के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया** वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा सोमवार को सिमरिया प्रखंड में सावन सोमवारी पर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में शामिल 501 कलर्स धारी महिलाओं ने प्रखंड क्षेत्र के देल्हो चौक से कोरी छठ तलाब पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर कलशधारी चाडरम मंदिर पहुंचे और भगवान शिव के ऊपर जल चढ़ाया। इस बाबत वनवासी कल्याण केंद्र के जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र सिंह ने कहा कि लोगों को अपने संस्कृति से जोड़ने की आवश्यकता है और वनवासी कल्याण केंद्र का उद्देश्य स्वालंबन के साथ-साथ संस्कृति से जुड़ाव है। मौके पर वनवासी कल्याण केंद्र के विभाग संगठन मंत्री सिकंदर प्रजापति, जिला संगठन मंत्री सुरेश साहू, जिला महामंत्री नंददेवयादव, जिला ग्राम विकास महिला प्रमुख किरण देवी, मंडल प्रमुख सरिता देवी, देल्हो मुखिया बीना देवी, मालती देवी, उर्मिला देवी सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे।




## मयूरहंड के कैलाश धाम बेला में दूसरी सोमवारी पर किया गया रुद्राभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के परोरीया-बेला गांव स्थित कैलाश धाम में श्रावण मास के दूसरे सोमवारी पर रुद्राभिषेक किया गया।

कैलाश धाम सेवा समिति के द्वारा दूसरे सोमवार के निमित्त जलाभिषेक व महाआरती की शुरूआत की गई। समिति की ओर से ग्रामीणों से जलाभिषेक व महाआरती में भाग लेने की अपील करते हुये बताया गया कि लगातार छह सोमवरी तक जलाभिषेक तथा अंतिम दो सोमवारी को माता भद्रकाली मंदिर से कैलाश धाम तक जल यात्रा तथा श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अखंड कीर्तन तथा महाप्रसाद वितरण कार्यक्राम का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड का एक मात्र कैलाश धाम है जहां महाशिवरारात्री पर विशाल मेला का आयोजन किया जाता है। एक मुठ्ठी अन्न प्राप्त करने तथा आमंत्रण पत्र देने के लिए पूजा समिति के लोग भाग लेंगे तथा घंटा बजाकर भक्तों को आकर्षित करते हुए आमंत्रित किया जाएगा।

# अपहृत नाबालिग बरामद सीडब्लूसी को सौंपा गया

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** मयूरहंड थाना क्षेत्र से अपहरित नाबालिग युवती को हंटरगंज निवासी दीनदयाल कुमार के साथ को पुलिस ने इटखोरी थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। वहीं पीड़ित नाबालिग का मेडिकल कराने के साथ न्यायालय में 164 का बयान दर्ज करने के उपरांत सुरक्षित पुनर्वास के लिए बाल कल्याण समिति (बैंच ऑफ मजिस्ट्रेट) में प्रस्तुत किया गया। वहीं पुलिस के अनुसार नाबालिग युवती का 25 अप्रैल 2023 को हंटरगंज के यूवक द्वारा अपहरण कर लिया गया था।जिसके बाद युवती के पिता ने मयूरहंड थाने में आवेदन देकर गांव के हीं धीरज कुमार यादव पिता शम्भू यादव, नेहा देवी एवं पूजा देवी के खिलाफ लडकी को भगाने का आरोप लगाया था। आवेदन के आधार पर पुलिस अनुसंधान करते हुवे संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर युवक व युवती का पता लगाया, तो पुलिस के दबाव में युवक युवती को दिल्ली से लेकर आ रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिला जिसके बाद सहायक अवर निरीक्षक शशि कांत ठाकुर के नेतृत्व में दोनों को इटखोरी से गिरफ्तार किया गया।

## लूटपाट करने वाले तीन अपराधी रंगेहाथ पकड़े



**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत टुनगुन से रतनाग जाने वाली सड़क में लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ सिमरिया अशोक कुमार ने बताया कि छापामारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल में सवार तीन अपराधकर्मी को नकली पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। कृष्णा भुईयां पिता रितु भुईयां ग्राम टुटीलावा, थाना सिमरिया, जिला चतरा से लूटपाट की गयी। लूटपाट करने वाले अनिल भुईयां पिता रमेश भुईयां, अर्जुन गंझू पिता चितावन गंझू उर्फ चिंतामन गंझू, दोनो ग्राम कदले, थन्नु कुमार पिता करीमन भारती ग्राम नावाडीह, पंचायत बरैनी, तीनों थाना सदर जिला चतरा को गिरफ्तार करने के साथ मोबाइल फोन, नकली पिस्टल व बाइक बरामद की गयी।

# नहीं रुक रहा है चंदवा के बंद पावर प्लांट से लोहा चोरी का गोरखधंधा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से लोहा चोरी का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लोहा चोरी के काम में लगे लोग लगातार बेधड़क होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को सदाबर गांव के समीप ग्रामीणों ने तीन-चार बाइक से लोहा ढोते लोगों को पकड़ा और इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना देने के घंटों बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। इसी बीच सभी चोर ग्रामीणों को चकमा देकर भागने में सफल रहे। चोरों के भागने के बाद प्लांट परिसर में तैनात सैप के जवान उक्त स्थान पर पहुंचे और चोरों के द्वारा छोड़े गए लोहे को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए थे। बताते चलें



की इन दिनों प्लांट से लोहा चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। कभी सुबह तो कभी शाम ढलते ही लोहा चोर अपने काम को अंजाम देने में लग जाते हैं। बिना किसी भय के लोहे की चोरी निरंतर की जा रही है। चोरों के डर से प्लांट के आसपास रहने वाले ग्रामीण भी काफी भयभीत रहते हैं, लेकिन हिम्मत जुटाकर ग्रामीण कभी कभी चोरों से भिड़ जाते हैं और उन्हें पकड़कर पुलिस को सौंप देते हैं। ग्रामीण कहते हैं कि अगर समय रहते लोहा चोरी पर रोक नहीं लगाई गई तो कोई बड़ी घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# भाईचारा व सामाजिक सौहार्द बनाये रखने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाये रखने को लेकर सर्कल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान की अध्यक्षता में थाना परिसर में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, सभी समुदाय के प्रबुद्ध एवं गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी एसआई रतन टुडू ने कहा कि कुछ दिनों बाद मुहर्रम त्यौहार व कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। ऐसे में असामाजिक तत्वों द्वारा आपसी भाईचारा व सौहार्द को बिगड़ने की कोशिश होगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने सड़क पर गंदे नाली का पानी रोड पर




बहाये जाने सहित सड़क पर तेज गति से मोटरसाइकिल चलाने, नशामुक्त पर प्रशासन को ठोस कदम उठाने के लिए कहा गया। मौके पर थाना प्रभारी रतन टुडू, अंचल निरक्षक गौतम कुमार, जिप सदस्य स्टेला नागशिया, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, सदर इमरान खान, परेवज अलाम, अनिल मनोहर, शंभू प्रसाद, भानू प्रसाद, अजित पाल कुजूर, सुरज शाहु, जेएमएम युवा जिला उपाध्यक्ष परेवज, हिंदू महा सभा के सदस्य संजय जयसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने माफियातू के ग्रामीणों संग की बैठक

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने एक कदम प्रोग्राम के तहत मासियातू ग्राम में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन, एसआई कुबेर साव, एसआई नीतीश कुमार सहित पंचायत के कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे माहियातू से ग्रामीण कबीर मियां मो नौशाद, उदय यादव, अरुण गुप्ता, बिल्लो मियां, रमेश गुप्ता, मो. मुदशीर मियां के अलावे कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनरल खलिफा बने असफाक अहमद

**बरवाडीह।** प्रखंड के मस्जिद मोहल्ला में मुहर्रम मनाने को लेकर एक बैठक एक बैठक हाजी मोहम्मद नासिर खान की अध्यक्षता में हुई. इसमें प्रखंड मुख्यालय में मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अशफाक अहमद मुन्ना को जनरल खलीफा चुना गया, जबकि मोहम्मद अख्तर खान को सहायक खलीफा चुना गया। वहीं कमेटी में सदस्य के रूप में गुलाम सरवर, गुलाम असगर, मोहम्मद साजन, मुन्ना खान मुगीर्डीह, शकील अंसारी, फैज खलीफा, फिदा हुसैन, मोहम्मद इस्माइल सलाम अंसारी, साबिर हुसैन, इम्तियाज खान, एनुल अंसारी, रिजवान अहमद, जावेद खान, मूसरत अली, मोहम्मद गयासुदीन, मोहम्मद अजहर, इरफान खलीफा आदि को शामिल किया।

# लगातार बारिश होने से घर गिरा, परिवार हुआ परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के भाटचतरा गांव निवासी कृष्णा तुरी पिता सोढ़ारी तुरी का मिट्टी खपरैल घर लगातार बारिश के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़ित कृष्णा तूरी ने बताया कि वह व उसकी पत्नी दो बच्चों के साथ घर में रह रहे थे। बीते दिन लगातार बारिश के कारण घर गिर जाने से घर में रहना काफी मुश्किल हो गया है। घर में रखे पलंग, कुर्सी, बर्तन एवं खाने का अनाज सहित अन्य सामग्री भी खराब हो गयी। हम गरीब हैं। दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। अपने से घर बनाने के लिए सक्षम नहीं हैं। वहीं बताया कि अभी तक हमें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं पीड़ित परिवार कृष्णा तुरी ने उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगायी है।

## शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर जदयू प्रवक्ता ने डीएसई को सौंपा ज्ञापन

**चतरा।** जिला में सरकारी शिक्षकों के एक ही विद्यालय में 5 से 25 वर्षो तक एक ही विद्यालय में सेवा देने के कारण शिक्षा की गुणवता में गिरावट आने को लेकर जदयू प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव ने शिक्षकों के स्थानांतरण करने की मांग को लेकर सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि चतरा जिले में सैकड़ों सरकारी शिक्षकों का स्थानांतरण पिछले 25 वर्षो से नहीं हुआ है। कई शिक्षक ऐसे भी हैं जो एक ही विद्यालय में योगदान दिए और उसी विद्यालय से सेवानिवृत हो गए हैं। यादव ने नियम संगत शिक्षकों के स्थानांतरण कराने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिप उपायुक्त, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक हजारीबाग को भेजी गई है।

# पेयजल की समस्या से जूझने को मजबूर कदगावां खूर्द अनुसूचित टोला के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** इक्कीसवीं सदी के भारत में भी जिले के मयूरहंड प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव-टोलों में पेयजल गंभीर समस्या है। इसी की बानगी प्रखंड अंतर्गत कदगावां खुर्द गांव का अनुसूचित टोला है। यहां निवास करने वाले ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। टोले में लगभग दौ सौ से ज्यादा आबादी निवास करती है। जिसमें एक मात्र सरकारी चापानल अधिष्ठापित है, जिसके भरोसे लोग जीवन यापन के साथ अपने मवेशियों के लिए पानी उपयोग में लाते हैं। परंतु चापानल का जलस्तर नीचे चले जाने से ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड रहा है। ऐसे में बेबस और असहाय लोगों को सुध लेने वाले



किसी मसीहा का इंतजार है, जो इनके दर्द को समझने के साथ इस विकट समस्या का समाधान कर सके। मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने बताया कि जलस्तर नीचे चले जाने से साधारण बोरिंग से पानी नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में डीप बोरिंग करवाने के सिवाय कोई दूसरा विकल्प नहीं है। यहां की पेयजल समस्या से पीएचईडी सहित अन्य संबंधित विभाग के आला अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन कोई कारगर कदम समाधान के लिए नहीं उठाया गया।

## संक्षिप्त

### महिला ने जहर खाकर किया खुदकुशी का प्रयास

**बालूमाथ।** जाला ग्राम निवासी शिखा देवी पति राजेंद्र भगत ने घरेलू विवाद में आकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। शिखा देवी ने कीटनाशक खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। जैसे ही परिजनों को घटना का पता चला तो आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं एक अन्य घटना में प्रखंड के सहदेव यादव एवं राजेश गंझु को जहरीले सांप ने डस लिया। दोनों का बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेश कुमार ने इलाज किया।

### नाली निर्माण में बरती गई भारी अनियमितता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित कई विकास योजनाओं में अनियमितताओं का अंबार लगा हुआ है। पिछले हीं दिनों लघु सिंचाई विभाग से क्रियान्वित तालाब निर्माण की अनियमितता का मामला थमा नहीं कि मानसून की पहली बारिश में हीं प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल बाजार टांड में निर्मित गार्डवाल व नाली शनिवार को धराशायी होकर अपनी बानगी बयां कर गया। ग्रामीणों ने संवेदक पर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने का अरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार भवन प्रमंडल विभाग द्वारा लगभग 24 लाख रुपए की लागत से उक्त गार्डवाल व नाली का निर्माण संवेदक गोपाल राणा के माध्यम से विभाग ने कुछ माह पूर्व हीं कराया था। दूसरी ओर पुराने जर्जर गार्डवाल को प्लास्टर कर खानापूर्ति करते हुए योजना की राशि निकाले से अभियंता व संवेदक के सांठ-गांठ होने की चर्चा अब जोरों पर है। निरीक्षण के दौरान बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की भेंट विकास योजनाओं का चढ़ना दुःखद है। उपायुक्त व श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को समुचित जानकारी देकर उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मंच की हुई बैठक

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गोविंद नगर स्थित झारखंड आंदोलनकारी बृजलाल गुप्ता के आवासीय परिसर में बालूमाथ झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मंच की मासिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बालूमाथ प्रखंड जेएमएम अध्यक्ष नागदेव उरांव ने की, जबकि इसका संचालन आंदोलनकारी सह जेएमएम के केंद्रीय



कमेटी सदस्य ब्रजलाल गुप्ता ने किया। बैठक में बालूमाथ के शहीद आंदोलनकारी स्व. कैलाश उरांव की एनएच 22 स्थित चितरपुर चौक पर प्रतिमा लगाये जाने की चर्चा की गयी। साथ ही सभी आंदोलनकारियों को सरकारी सुविधा प्रदान किए जाने पर चर्चा की गयी। बैठक में सावित्री गुप्ता, नामेश्वर गुप्ता, महावीर उरांव, राजेश उरांव, बाबुलाल उरांव, पत्रकार संतोष सिन्हा, शंकर उरांव, सोमा उरांव, सोमरा उरांव, ललू उरांव, बनारस उरांव, महेश उरांव, जयमंगल उरांव, शिबु उरांव आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

# 'यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना को कम करने तथा ट्रैफिक कंट्रोल संबंधी नियमों पर चर्चा करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की जानकारी ली एवं जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए इस संदर्भ में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ऐसे में सभी संबंधित पदाधिकारी को इस दिशा में सजग होकर कार्य करें।




समीक्षा के क्रम में अधिक खराब हो चुकी सड़कें जहां दुर्घटना की संभावना हो उस पर उपायुक्त द्वारा चर्चा करते हुए सिकनी कोलियरी के समीप ब्रिज के पास सड़क की स्तिथि अत्यंत खराब है, उक्त स्थान पर किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसको लेकर सड़क अप्रोचमेंट सही करने का निर्देश दिया गया। गोनिया पुल एवं बरनी पुल के 500 मीटर के दायरे में लगातार दुर्घटनाएं दृष्टिगत हो रही है। इस संदर्भ में स्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारण का पता लगाते हुए करवाई करने, सोलर ब्लिंकर एवं आवश्यक रूप से रम्बल स्ट्रिप लगाने का निर्देश दिया गया। अधिक खराब हो चुकी सड़कें जहां दुर्घटना की संभावना अधिक है को चिन्हित कर वहां तत्काल मरम्मती एवं साइनेज / सुरक्षा उपकरण लगाने की बात कही गई, इस संदर्भ में उपायुक्त ने निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट की जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिलांतर्गत 2 ब्लैक स्पॉट चिन्हित हैं जिसमें डेढ़टगवा घाटी, नामुदाग (कब्रिस्तान के पास) शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना रोकने के लिए अविलंब आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परिवहन विभाग, अनुमंडल पदाधिकारी तथा विभिन्न थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुर्माना करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों में अविलंब मुआवजा देने के लिए कारवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क की मरम्मती कराने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में साइनेज, जगह-जगह पर स्पीड लिमिट बोर्ड, कर्व बोर्ड, डेंजर जोन, यू टर्न आदि का बोर्ड लगाने की बात कही गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, डीएसपी डॉ कैलाश करमाली आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लोहरदगा में पांच प्रखंडों में गरिमा केंद्र का हुआ शुभारंभ, अनुमंडल पदाधिकारी ने किया किस्को प्रखंड में गरिमा केंद्र का उद्घाटन

# डायन-बिसाही जैसी कुरीतियों को समाप्त करना जरूरी : एसडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** झारखंड राज्य को डायन कुप्रथा से मुक्त कराने हेतु, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गरिमा परियोजना के तहत पीड़ित महिलाओं के सहयोग, सुरक्षा एवं पुनर्वास के उद्देश्य से लोहरदगा जिला के पांच प्रखंडों में गरिमा केंद्र का शुभारंभ किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में डालसा सचिव राजेश कुमार ने गरिमा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर डीपीएम अनिता केरकेट्टा भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा भंडरा, पेशरार और कुडू में भी गरिमा केंद्र प्रारंभ हुआ। वहीं किस्को प्रखंड मुख्यालय परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने गरिमा केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनजातीय बहुल क्षेत्र में भी लोगों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना होगा। जो कुरीतियां हैं उन्हें पीछे छोड़ आगे बढ़ना होगा। डायन-बिसाही जैसी कुरीतियों को समाप्त करना होगा। जिले के पांच प्रखंडों में गरिमा केंद्र का शुभारंभ हुआ है। इससे महिलाओं की सुरक्षा, किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं की रिपोर्टिंग व मॉनिटरिंग में तेजी आएगी। गरिमा केंद्र में जो भी मामले आएं उसकी रिपोर्टिंग के साथ-साथ उसका फॉलोअप भी किया जाए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी बुढ़ाय सारू, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, जेएसएलपीएस के विनोद होरो ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी समेत बड़ी संख्या में जेएसएलपीएस महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थीं।

20 वर्षों में लैंगिक भेदभाव दूर हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सरकार ने कई कार्यक्रम चलाये। लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जिससे लैंगिक भेदभाव दूर हुए। कोई भी सामाजिक कुरीति धीरे-धीरे समाप्त होती है।

**किसी बीमार को ईलाज के लिए डॉक्टर के पास पहुंचें :** अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बीमार हो गया है या बीमार रहता है तो उसका इलाज डॉक्टर ही कर सकता है। उसकी बीमारी के लिए किसी महिला को डायन नहीं कहा जाना चाहिए। यह एक सामाजिक कुरीति है जिसे हम सभी को मिल कर दूर करना होगा।

**बालिकाओं को सशक्त बनाना जरूरी :** किस्को समेत जिला के सभी प्रखंडों में पुस्तकालय हैं। क्षेत्र में जो बालिकाएं 10वीं पास कर चुकी हैं या घर पर बैठी हैं उन्हें प्रखंड के पुस्तकालय में जाकर अध्ययन करना चाहिए। इससे एक बेहतर माहौल तैयार होगा। लड़कियों को शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। इसके अलावा मानव तस्करी को रोकना जरूरी है जिसकी सूचना बीच-बीच में मिलती है। घरेलू हिंसा में महिलाओं के प्रति अत्याचार रोकना बहुत जरूरी है।

**गरिमा केंद्र का उद्देश्य :** गरिमा केद्र का उद्देश्य एक ही छत के नीचे घरेलू और सार्वजनिक दोनों जगहों पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत कानूनी और मनोवैज्ञानिक काउंसेलिंग की सुविधा और सहायता प्रदान करना है। गरिमा केद्र के संचालन के लिए गरिमा प्रबंधन समिति, प्रशासनिक समिति और सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इसमें पीड़ित महिलाओं या लड़कियों को आपातकालीन प्रतिक्रिया, बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिक/डीआईआर दर्ज कराने, मनो-सामाजिक सहायता/परामर्श, कानूनी सहायता और परामर्श, आश्रय, आजीविका कार्यक्रम और अधिकारों के साथ जुड़ाव की जानकारी दी जाएगी।

## सेन्हा में डालसा सचिव व जिप सदस्य ने किया गरिमा केंद्र का उद्घाटन




**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय के समीप झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत गरिमा केंद्र का उद्घाटन डालसा सचिव राजेश कुमार, जिप सदस्य राधा तिर्की व अन्य अतिथियों ने श्रीफल फोड़ कर तथा फीता काट कर किया। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि गरिमा केंद्र की जरूरतों व उद्देश्यों से परिचय कराया। शहर की अपेक्षा गांव में डायन कुप्रथा, हिंसा में वृद्धि हो रही है, जिसका कारण अशिक्षा और जागरूकता की कमी है। इसके लिये गांव के लोगों को बताना और समझना होगा और जागरूक करना होगा। डायन बिसाही के विरुद्ध लोग जागरूक बनें। बीमार पड़ने पर ओझा गुणी या झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़कर चिकित्सक से इलाज करायें। किसी को डायन कह कर प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है। प्रखंड सीआरपी पूनम देवी ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा हिंसा और डायन कुप्रथा को रोकने के लिये गरिमा योजना के माध्यम से तीन समिति गरिमा प्रबंधन समिति, सुरक्षा समिति और सलाहकार समिति का गठन किया गया है। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार, जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फूलझरी देवी, होप संस्था के मनोरमा एक्का, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र भगत, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर शुक्ला, पीएलभी पुनु देवी, प्रियांशु यादव, जेएसएलपीएस के जयंत कंडुलना, उज्ज्वल शुक्ला, सज्जाद अंसारी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

### ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

# लोहरदगा में शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सावन मास के दूसरी सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ देखी गई। शहर के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गईं। सावन मास के कारण स्थानीय शिव मंदिरों को काफी अच्छी तरह से सजाया गया है। वहीं घरों में ही भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन के सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। इधर मंदिर परिसर के आसपास वाहनों की भारी भीड़ भाड़ भी देखी गई और लोग पूजन सामग्री खरीदते भी नजर आए। वही मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त करते नजर आए और शहर के हर शिवालयों में पुलिस के जवानों की तैनाती देखी गई। मंदिरों में भजन - कीर्तन का दौर पूरे दिन चलता रहा। महादेव के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में स्थित शिव मंदिरों में लोगों ने जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया।

**खखपरता शिव मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़ :** सदर प्रखंड के रामपुर स्थित खखपरता शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खखपरता शिव मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यहां आनेवाले भक्तो की हर मुराद पूरी होती है। भक्तजन इस शिव मंदिर में दूर दराज से आते है। शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तो के कष्ट दूर हो जाते है। यहां शहरी क्षेत्र समेत दूर दराज के आस पास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। भक्त कतार में शिव पर जलाभिषेक के लिए लगे थे।

**भंडरा के अखिलेश्वर धाम में लगी कतारें :** भंडरा प्रखंड के प्राख्यात व ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम मंदिर में अहले सुबह से शिव भक्तो की लंबी कतारे लगना शुरू हो गयी थी। श्रद्धालू भक्त भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दिए। मंदिर में आनेवाले भक्त अखिलेश्वर धाम परिसर के तालाब से पवित्र जल उठाकर शिवलिंग में चढ़ाएं। शिवलिंग में जल चढ़ाने के लिए भक्तो की लंबी कतार लगी थी। इस बार मंदिर के शिवलिंग व अरघा में नारियल ना फोड़कर बाहर में अलग से व्यवस्था थी। मंदिर परिसर में कई अन्य शिवलिंग में भी श्रद्धालू जलार्पण किए। थाना प्रभारी गौतम कुमार और पुलिस बल के जवान भी जलाभिषेक करते दिखाई दिए। मौके पर मंदिर के पुजारी भजन पंडा, बबलू पंडा एवं अन्य पुजारी के मौजूदगी में बारी-बारी से भक्त जलाभिषेक करते दिखाई दिए। इधर विधि व्यवस्था को लेकर शिवालयों में कड़ा इंतजाम रहा। पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी जो व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे।

## भक्ति व उल्लास के साथ किया जलाभिषेक




**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** पवित्र माह सावन महीने का दूसरे सोमवारी और हरियाली अमावस्या के सहयोग होने से इस सोमवारी का विशेष महत्व हो गया। शिव मंदिर और विभिन्न देवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी वही प्रखंड मुख्यालय के अलावे बदला, सेरेंगहातु, चौकनी, अरु, झखरा, सेन्हा, बक्सीडीपा, चंदवा गढ़गांव अन्य शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिये सुबह से ही भगवान महादेव शंकर के महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तों का मंदिर में आना प्रारंभ हो गया था। इस दौरान मंदिर में दिनभर भक्तों का भीड़ दिखाई दिया। मौके पर भक्तों ने शांति पूर्वक हर्षोउल्लास के साथ पूजा अर्चना किया। वहीं भीड़ अधिक होने के कारण पूजा कराने के लिए आचार्य पंडित के द्वारा लोगों को बारी बारी से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा था। वहीं प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं श्रद्धालु भक्त विभिन्न नदी और जलाशय से जल लेकर बोल बम और हर हर महादेव का करते हुए मंदिर परिसर पंहुच श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शंकर से अपने लिये और क्षेत्र के लिये अमन चैन एवं सुख शांति के लिये मंगलकामना की गयी।

## महिलाओं ने शंख नदी के जल से किया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सावन के दूसरे सोमवार को बड़े ही धूमधाम के साथ लोहरदगा मुख्यालय के उपनगरीय क्षेत्र शांतिनगर किस्को मोड से भजन कीर्तन करते हुए महिलाओं का जत्था शंख नदी को रवाना हुआ। ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के उदघोष से गुंजायमान करते हुए शंख नदी से जल उठा कर पतराटोली किसको मोड़ होते हुए शांति नगर कचहरी मोड़ के मध्य अवस्थित देव स्थल मंदिर प्रांगण में शिव मंदिर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक सामूहिक रूप से किया गया।

मौके पर महिलाएं भक्ति भाव के साथ जल अर्पित किए और सबों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। जल यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम में महिलाओं का जत्था में किस्को मोड़, शांति नगर, प्रखंड मुख्यालय, आदर्श नगर पतराटोली आदि की आदि क्षेत्र की महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। जल यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम में ज्योति वर्मा, अनुराधा देवी, इंदु देवी, केसरी देवी, खुशी भारती, अंशु वर्मा, प्रिया कुमारी, संगीता भारती, संजू वर्मा, रामावती देवी, गीता शिखर, सीमा देवी, संगीता देवी, ममता देवी, दिनेश वर्मा समेत बढ़-चढ़कर महिलाएं दर्जनों की संख्या में उपस्थित हुए।

## इंडियन एयर फोर्स में अग्निवीर वायु के लिए रजिस्ट्रेशन 27 से

**लोहरदगा।** इंडियन एयर फोर्स में अग्निवीर वायु की बहाली के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 27 जुलाई 2023 की सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। रजिस्ट्रेशन के लिंक 17 अगस्त की रात 11 बजे तक खुला रहेगा। इच्छुक अविवाहित पुरूष व महिलाएं, जिनका जन्म 27.06.2003 से 27.12.2006 के बीच हुआ हो, इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष में विज्ञान के छात्र-छात्राओं के लिए विषय के रूप में मैथ, फिजिक्स और इंग्लिश शामिल होना जरूरी है, उन्हें 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है या 50 प्रतिशत अंकों के साथ तीन वर्षीय डिप्लोमा पास होना आवश्यक है या दो वर्ष का व्यवसायिक डिप्लोमा कोर्स 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## बीएलओ व पर्यवेक्षकों को मतदाता पुनरीक्षण का दिया प्रशिक्षण

**कुडू।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जनसेवक सह प्रशिक्षक सुनील चंद्र द्वारा मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, पहचान पत्र में सुधार करने आदि की जानकारी दी गई। बीडीओ ने प्रशिक्षण में शामिल बीएलओ एवं प्रवेक्षको से घर घर भ्रमण कर मतदाताओं का सत्यापन करने, सभी मतदाताओं का आधार सीडिंग करने, मृत और पलायन कर गए लोगों का नाम विलोपित करने एवं नई बहू और 18 वर्ष या उससे ऊपर के लोगों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### पहल पशु चिकित्सा शिविर में पालकों को दी गयी जानकारी

# 'लंपी से पशुओं का बचाव जरूरी'



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की पंचायत ग्राम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर लम्पी बीमारी एवं मौसमी बीमारी के बारे में डॉ रोहित कुमार के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी पशु पालकों को दी गयी। यह कार्यक्रम एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था के तत्वधान में आयोजित किया गया था। बरसात के मौसम में पशु में पाए जाने वाले बीमारी के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही पशु संबंधित विभिन्न बीमारियों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जागरूक किया गया।

वहीं शिविर में बीमारी से ग्रसित पशुओं की जांच के पश्चात संस्था द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। डॉ. रोहित कुमार ने कहा पशु पालक को बीमारी एवं बीमारी से बचाव की जानकारी किसान के लिए सार्थक साबित होगी। शिविर में बाएफ संस्था के कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार ने पशुपालक किसान से अपील करते हुए कहा कि पशु की देखभाल करना तथा समय से चारा देना निहायत ही जरूरी है। पशुपालक को आत्मनिर्भर बनने एवं सरकारी योजना का लाभ उठाने की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गयी। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार, पशु संरक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार के अलावे ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हुआ प्रचार प्रसार

**लोहरदगा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कला दल लोकनाथ कला जत्था, दुंदरु, पेशरार की ओर से दल नायक लोकनाथ लोहरा के नेतृत्व में सोमवार को किस्को प्रखंड के अरैया गांव में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा; सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गई। लोगों को वज्रपात व सर्पदंश से बचाव, मलेरिया से बचाव, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया।

# सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो** राज्य में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं राज्य के ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करने के लिए झारखंड सरकार के कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से जिले के सभी गांव में ग्राम स्तरीय सिद्धो- कान्हू युवा खेल क्लब के गठन का निर्देश दिया गया है। क्लब का गठन गांव के अलावा प्रखंड व जिला स्तर पर भी किया जाना है। इसी क्रम में कैरो प्रखण्ड के उतका आदिवासी अखरा में सोमवार को ग्राम प्रधान पंचम उरांव के अध्यक्षता में सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष अशोक प्रसाद, उपाध्यक्ष रंजीत उरांव, सचिव अरविंद उरांव को चुना गया। इसके अलावा सदस्य के रूप में जावेद अंसारी, मोहित सोनी, रंजन कुमार, संतोष उरांव, अमरेंद्र पन्ना, ऋषि कुमार, सज्जाद अंसारी, अमन पांडेय, रौशन उरांव, श्याम भगत, का चयन किया गया। मौके पर उपमुखिया रवि प्रजापति, पंचायत सेवक गुहा भगत, प्रधान पंचम उरांव, आदित्य यादव, प्रकाश सिंह, अनिल साहू उपस्थित थे।

# बेरोजगारी व झारखंड

**बेरोजगारी** आज एक बड़ी समस्या के रूप में आ खड़ी हुई है। झारखंड समेत पूरे देश में बेरोजगारी दर बढ़ गयी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इकॉनोमी यानी कि सीएमआईई ने जुलाई माह का डाटा जारी किया है। जिसके मुताबिक जून में बेरोजगारी दर बढ़कर 8.45 प्रतिशत हो गयी है। सबसे अधिक बेरोजगारी की दर ग्रामीण इलाकों में देखने को मिली है। रिसर्च करने वाली संस्था का मानना है कि ग्रामीण इलाकों जून के माह में हमेशा ही बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इसका बड़ा कारण है गांव में जून के माह कृषि से जुड़े कार्य होते हैं । इसलिए रोजगार के मौके घट जाते हैं। बहरहाल झारखंड में मौनसून को लेकर संशय की स्थिति जुलाई में भी बनी हुई है। कई इलाके सूखे की चपेट में आ गये हैं। इसकी वजह समय पर पानी का नहीं होना है। ऐसे में यहां बेरोजगारी दर और बढ़ जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग की आंकड़ों के मुताबिक जून में बेरोजगारी दर 8.45 प्रतिशत जा पहुंची है। जबकि मई के माह में बेरोजगारी दर 7.68 फीसदी थी। इस संस्था की मानें तो ये तीसरा महीना जब बेरोजगारी दर 8 फीसदी से अधिक रही है। हालांकि जून के माह में बेरोजगारी दर बढ़ने का एक और बड़ा कारण है कि इस महीने में लेबर की डिमांड घट जाती है। हालांकि शहरी इलाकों की बेरोजगारी में गिरावट आयी है। फिलहाल इसकी दर 7.87 फीसदी है। सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य छत्तीसगढ़ है। झारखंड में बेरोजगारी की दर देश के औसत से कम है। आंकड़ों की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में इसकी गिरावट देखने को मिली है। साल 2017-18 में झारखंड की बेरोजगारी दर सभी आयु वर्ग में 7.7 फीसदी थी तो ये वर्ष 2020-21 में ये घटकर 3.3 फीसदी हो गयी। देश में सबसे अधिक बेरोजगारी वाले राज्य में झारखंड सातवें स्थान पर है। वहीं देश का सबसे कम बेरोजगारी वाला राज्य में छत्तीसगढ़ 1.6 फीसदी के साथ पहले स्थान पर है। देश में सबसे अधिक बेरोजगारी के मामले में हरियाणा 24.6 फीसदी के साथ टॉप पर है। यह एक आंकड़ा सेंटर फॉर मॉनिटरिंग के द्वारा कराया गया है। इसके पलटवार हम देखें तो जमीन पर ये आंकड़े उतने सटीक नहीं उतरते हैं। इसकी बड़ी वजह राज्यों की भौगोलिक संरचना है। अपना राज्य झारखंड इस मामले में अलग है। सर्वे में जो बातें सामने आयी हैं,वह यह बताती है कि यह सर्वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कम की गयी हैं। झारखंड में कई ऐसे गांव हैं जो आज भी सरकार की विकास योजनाओं से महरूम हैं। कहने का अभिप्राय यह कि यहां तक पहुंचना कठिन है। यहां के हालात काफी जटिल हैं। उसकी एक बड़ी वजह कृषि है। बारिश पर्याप्त मात्रा में नहीं होने की वजह से यहां के नौजवान नौकरी के लिए अन्य जगहों पर पलायन करने को मजबूर हो जायेगें। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़ेगी। दूसरी तरफ सूखे की वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि रविवार की बारिश ने फिर से किसानों की उम्मीद बढ़ा दी है। अब देखना है बारिश कितने दिनों तक प्रवाह में रहेगी। बेरोजगारी का नाता राज्य में कृषि से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में अन्नदाता की उम्मीदों के आकाश से बहुत कुछ तय होता है। बेरोजगारी किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। सरकार से अपेक्षा है कि वह इस दिशा में कारगर कदम उठायेगी।

**हालांकि शहरी इलाकों की बेरोजगारी में गिरावट आयी है। फिलहाल इसकी दर 7.87 फीसदी है। सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य छत्तीसगढ़ है। झारखंड में बेरोजगारी की दर देश के औसत से कम है। आंकड़ों की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में इसकी गिरावट देखने को मिली है।**

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दक्षता : नये भारत की विकास गाथा

**भारत** आज विकास की ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। वैश्विक स्तर पर सभी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत की लॉजिस्टिक्स संबंधी रेटिंग बेहतर होते जाने के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स से जुड़ी इसकी बाधाएं दूर होती जा रही हैं। मैन्यूफैक्चरिंग और व्यापार के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति बुनियादी ढांचे और निर्यात-आयात (एक्जिम) संबंधी लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने से संबंधित सुधारों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। बुनियादी ढांचे को अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में पहचानते हुए, प्रधानमंत्री की गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसे सुधारों ने सामानों एवं यात्रियों की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स संबंधी सेवाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया है। और बहुत ही कम समय में, इन सुधारों के परिणाम दिखाई देने लगे हैं। विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 139 देशों के एलपीआई के बारे में जानकारी साझा करती है और भारत को इस सूचकांक में 38वें स्थान पर रखती है, जोकि 2018 में हमारी रैंक की तुलना में छह स्थान ऊपर है। एलपीआई छह व्यापक मापदंडों पर आधारित 'गुणात्मक धारणाओं का एक सर्वेक्षण-आधारित परिमाणीकरण' है, जो सीमा शुल्क, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय लदान (शिपमेंट), लॉजिस्टिक्स संबंधी क्षमता एवं लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता, निगरानी एवं जानकारी जैसे पहलुओं पर विचार करता है। विश्व बैंक एक ऐसी उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदाहरण देता है, जिसने 2015 से देश के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों तटों पर स्थित बंदरगाहों को सुदूर इलाकों में स्थित आर्थिक केन्द्रों से जोड़ते हुए बुनियादी ढांचे एवं विभिन्न प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है। अन्य कारकों के अलावा, इस तरह के निवेश के कारण ही बंदरगाहों पर कंटेनरों के ठहराव के



समय के मामले में भारत का प्रदर्शन कई विकसित देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। मई से लेकर अक्टूबर 2022 के बीच, भारत में कंटेनरों के ठहराव का समय न्यूनतम 3 दिन था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह समय 4 दिन, अमेरिका के मामले में 7 दिन और जर्मनी के मामले में 10 दिन था। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसने नेशनल लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीबीएसएल) जैसे डिजिटलीकृत प्लेटफॉर्म के उपयोग के जरिए आपूर्ति श्रृंखला में दृश्यता ला दी है। शुरू में, माल की स्थिति का पता लगाने वाले (कार्गो ट्रेसिंग) इस प्रकार के तंत्र का शुभारंभ 2016 में देश के पश्चिमी तट पर किया गया था और आज इस तंत्र के दायरे में सभी प्रमुख बंदरगाह और निजी बंदरगाह आते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए अगर कहें तो 'माल की निगरानी (कार्गो ट्रैकिंग) व्यवस्था की शुरूआत के साथ, देश के पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव का समय 2015 में 32.4 दिन से घटकर 2019 में 5.3 दिन रह गया।' देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निगरानी रखने हेतु एक डिजिटल प्रणाली के रूप में लॉजिस्टिक्स डेटाबैंक प्रोजेक्ट (एलडीबी) का शुभारंभ किया था। एलडीबी, एक्जिम कंटेनर की आवाजाही के बारे में वास्तविक समय में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु आपूर्ति श्रृंखला में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध डिजिटल जानकारी को एकत्रित व व्यवस्थित करता है। यह प्लेटफॉर्म भारत के एक्जिम कंटेनर की शत-प्रतिशत मात्रा को संभालता है। इस पर एक मोबाइल ऐप के साथ-साथ एक पोर्टल के जरिए माल पाने वालों (कान्साइनी) के लिए जानकारी पाने की सुविधा उपलब्ध है। इस तरह, एलडीबी दृश्यता प्रदान करता है और भारत के कंटेनरीकृत एक्जिम लॉजिस्टिक्स से संबंधित बिग डेटा एनालिटिक्स को सक्षम बनाता है। जुलाई 2016 में अपना कामकाज शुरू करने बाद से, एलडीबी ने 60 मिलियन एक्जिम कंटेनरों की निगरानी की है। भारत के शत-प्रतिशत कंटेनरीकृत एक्जिम कार्गो की निगरानी करने और उनका पता लगाने हेतु आरएफआईडी, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित प्रौद्योगिकियों के संयोजन के साथ, एलडीबी ने प्रमुख भारतीय बंदरगाहों, सबसे व्यस्त टोल प्लाजा, लगभग 400 कंटेनर फ्रेट स्टेशनों (सीएफएस)/ अंतदेर्शीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) और बंदरगाहों पर खाली यार्ड, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और यहां तक कि नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट के साथ भी तालमेल बिठाया है। आरएफआईडी से संबंधित आंकड़ों को हासिल करने के उद्देश्य से एसपीवी द्वारा माल ढुलाई के लिए सर्पित गलियारों (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) सहित सभी प्रमुख सड़क एवं रेल मार्गों पर लगभग 3000 आरएफआईडी रीडर स्थापित किये गये हैं। एलडीबी द्वारा हासिल एवं व्यवस्थित किये गये आंकड़ों का विभिन्न प्रकार से विश्लेषण किया जाता है। इन विश्लेषणों में बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव के समय की गणना, माल की आवाजाही के क्रम में होने वाले भीड़भाड़ का विश्लेषण, कंटेनर की आवाजाही की गति का विश्लेषण, प्रदर्शन संबंधी मानदंड, आवागमन में लगने वाले समय का विश्लेषण (बंदरगाह से सीएफएस या इसके उलट) आदि शामिल है। ये विश्लेषण मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक आधार पर किये जाते हैं और सभी संबंधित मंत्रालयों, बंदरगाह के प्राधिकारियों, टर्मिनल के संचालकों, सीमा - शुल्क से जुड़ी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ साझा किये जाते हैं। दूसरी ओर, संबंधित एजेंसियों द्वारा कठिनाई पैदा करने वाले बिंदुओं और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने हेतु नियमित विश्लेषणों का उपयोग किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के एलडीबी के आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कंटेनरों की निकासी मामले में आईसीडी और सीएफएस के प्रदर्शन में सुधार के अलावा कंटेनर को संभालने से जुड़े प्रदर्शन, सड़क मार्ग से गुजरने वाले कंटेनरों की निकासी, प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति के मामले में भी सुधार हुआ है। दिल्ली-मुंबई मार्ग और मुंद्रा बंदरगाह को जोड़ने वाले मार्ग जैसे प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति भी 2018 की तुलना में बेहतर हुई है। **आईएएस, विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) भारत सरकार; तथा एनआईसीडीसी की सीईओ एवं एमडी**

**विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने अश्वत्थामा की कथा

**भीम कृष्ण** जी की युक्ति समझ गए और उस हाथी को मार कर गुरु द्रोण के सामने चले गए और कहने लगे की गुरुवर मैंने अश्वत्थामा को मार डाला पर द्रोणाचार्य को भरोसा नहीं हुआ उन्होंने अपने सारथि को कहा की रथ को युधिष्ठिर की तरफ ले चलो। युधिष्ठिर के रथ के सामने पहुँचते ही उन्होंने युधिष्ठिर से कहा कि क्या ये सत्य है कि अश्वत्थामा की मृत्यु हो चुकी है। तब युधिष्ठिर ने कहा कि हाँ अश्वत्थामा मारा गया परंतु हाथी। लेकिन जिस वक्त युधिष्ठिर ने कहा परन्तु हाथी उस समय कृष्ण ने शंखनाद कर दिया था जिससे गुरु द्रोण को लगा की अश्वत्थामा उनका पुत्र मारा गया इस तरह युधिष्ठिर के मुँह से झूठ नहीं निकला। ये बात धर्मराज युधिष्ठिर के मुंह से सुनने के बाद द्रोणाचार्य शोक में डूबकर अपने सारे शस्त्र जमीन पर डाल दिये और शोक मनाने लगे शोक में डूबे हुए द्रोणाचार्ये को निहत्था पाकर द्रौपदी के भाई ध्रिश्टद्युमन ने उनका सर धड़ से अलग कर दिया। पिता की मौत से अश्वत्थामा बहुत गुस्से में था। उसे पांडवो पर बहुत गुस्सा आ रहा था उसने महाभारत के युद्ध के बाद ठान लिया की वो पाँचों पांडवो को मार डालेगा। वो पांडवो के शिविर तक गया और द्रोपदी के बेटों को पांडव समझ कर मार दिया। जब द्रौपदी को ये बात पता चली तो उसने अर्जुन सहित सभी पांडवो को अस्वत्थामा को लाने को कहा अर्जुन ने कसम खाई थी की वो अस्वत्थामा को द्रौपदी के सामने ले जाकर उसे दंड देगा सभी पांडव कृष्ण जी के साथ अश्वत्थामा को लेने गए। वहाँ पर अश्वत्थामा से छोटा सा युद्ध हुआ जिसमे अश्वत्थामा ने सभी पांडवो को मारने के लिए ब्रम्हास्त्र का प्रयोग किया।

*(क्रमशः)*

# पंचायत चुनाव प्रबंधन, 'दीदी! जरा सीखें योगी से'



आर.के.सिन्हा

**उत्तर** प्रदेश में मई महीने में पंचायत चुनाव हुए और पश्चिम बंगाल में इसी जुलाई में। दोनों ही देश के आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से खास राज्य हैं। पर पंचायत चुनाव के दौरान जहां यूपी में पूर्ण शांति रही, वहीं पश्चिम बंगाल ने हिंसा, आगजनी और निर्मम हत्याएं होती देखीं। राजनीतिक एकाधिकार के लिए पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की संस्कृति अन्य भारतीय राज्यों की तुलना में कहीं अधिक विद्रूप रूप धारण कर गई है। देखा जा रहा है कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों की संस्कृति, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के कुछ वर्षों में यहां कुछ ज्यादा ही फली-फूली है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव के दौरान खूब खूनखराबा हुआ जिसमें तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। यह इस बात की पुष्टि करता है कि दीदी यानी ममता बनर्जी की सरकार सत्ता की हनक को बरकरार रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। लेकिन, ममता बनर्जी भूल जाती हैं कि कोई भी सरकार कल्याणकारी राज्य के तौर पर काम करती है और कानून का राज उसकी एक अहम शर्त होती है। आज भले ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है, लेकिन इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार का कोई मायने नहीं है जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हो गये। निश्चित रूप से खून से सने पोलिंग बूथ, टूटी मतपेटियां और बुलेट-बम की खौफनाक तस्वीरें भी जीत के जश्न में कहीं खो जायेंगी, क्योंकि; यह सब बंगाल की नियति से जुड़ गई हैं। शायद इसीलिए आम लोगों के बीच उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण चुनाव की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में हुए पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुए थे। इसलिए कहने वाले कह रहे हैं कि ममता बनर्जी को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चुनाव प्रबंधन सीखना चाहिए। पुराना इतिहास चुनावी हिंसा काः दरअसल पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का इतिहास बहुत पुराना है लेकिन, अगर हम आजादी के बाद की बात करें तो 1960 के दशक के अंत में पश्चिम बंगाल की राजनीति में वाम मोर्चा एक ताकतवर दल के रूप में उभरा, जिसके कारण राजनीतिक हिंसा की संस्कृति स्थापित हुई। वाम मोर्चे ने जैसे-जैसे कांग्रेस के प्रभुत्व को चुनौती देना शुरू किया, दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें रोजमर्रा की घटनाएं बन गईं। 17 मार्च 1970 को पूर्व बर्धमान जिले में हुए सैनबाड़ी नरसंहार, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या की गई और 27 फरवरी 1971 को कोलकाता में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के अध्यक्ष हेमंत बसु की हत्या से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। इन घटनाओं ने राजनीतिक सत्ता को बरकरार रखने के लिए 'बंदूक संस्कृति' की नींव रखी। 1998 में ममता बनर्जी की ओर से टीएमसी के गठन के बाद वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसा का नया दौर शुरू किया। उसी साल हुए पंचायत चुनावों के दौरान कई इलाकों में भारी हिंसा हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थी। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख भी है कि साल 2010 से 2019 के बीच पश्चिम बंगाल में 161 राजनीतिक हत्याएं हुई और पश्चिम बंगाल इस मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर रहा।

**आज भले ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है, लेकिन इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार का कोई मायने नहीं है जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हो गये।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# भारतीय वेद व विश्व शांति की प्रार्थना



हृदयनारायण दीक्षित

**भारत** अव्याख्येय है। राष्ट्र रूप में भारत की व्याख्या कठिन है। यह सामान्य राष्ट्र राज्य नहीं है। भूमि का साधारण खण्ड नहीं है। सामान्य इतिहास या भूगोल नहीं है। इस धरती के लोग सदियों से व्यक्तिगत हित की तुलना में विश्व लोकमंगल की आराधना में संलग्न रहे हैं। भारत की अनुभूति संसार में अद्वितीय है। यह एक प्रेमपूर्ण गीत है। हम सब के अंतस का छंदस है भारत। भारत और भारतीय संस्कृति विश्व के विद्वानों के लिए शोध का विषय रहे हैं। ऋग्वेद में एक सुंदर मंत्र में भारत बोध की झांकी है, 'हे सोम देव जहां सदा नीरा नदियां बहती हैं। प्रचुर अन्न होता है। कृषि धन धान्य देती है। जहां मुद, मोद, प्रमोद विस्तृत हैं। हम उसी भूखंड में आनंदित रहना चाहते हैं।' संविधान की उद्देशिका 'हम भारत के लोग' वाक्य से प्रारम्भ होती है। उद्देशिका के 4 शब्द महत्वपूर्ण है। हम भारत के लोगों की राष्ट्रीय संरचना का आधार जाति, पंथ, मत, मजहब नहीं है। ऐसा होता तो संविधान निर्माता उद्देशिका में दर्ज करते कि, 'हम भारत के अगड़े, पिछड़े जाति और पंथ से जुड़े लोग संविधान बनाते हैं।' वैदिक काल की सबसे छोटी, सुसंगठित और प्रीतिपूर्ण इकाई परिवार है। गण कई परिवारों से मिलकर बने समूह हैं। गण महत्वपूर्ण है। सभी गणों में परस्पर सम्बंध थे। राष्ट्रगान में जन के साथ गण हैं। गण नाम के इस छोटे से समूह नेता गणपति कहा जाता था। जैसे गण का नेता गणपति होता था वैसे ही गण का आराध्य देवता गणेश। गणेश गण और ईश से मिलकर बना शब्द है। बृहस्पति के लिए ऋग्वेद में स्तुति है - गणानां त्वा गणपतिं - आप विद्वान हैं। गणपति हैं। गण परस्पर प्रीति और प्यार में साधनारत एक सामूहिक इकाई थी। वैदिक इतिहास में अनेक गण हैं। देवताओं के समूह भी गण हैं। जैसे मरुदगण, रूद्रगण आदि। सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से गण टूट कर जन नाम की बड़ी इकाई में बदल गये। तब अनेक जन थे। लेकिन पांच जनों की चर्चा ज्यादा है। ये पंचजन अनु, द्रुह्यु , यदु, तुर्वश और पुरु थे। सरस्वती वैदिक काल की प्रसिद्ध नदी हैं। उनसे स्तुति है कि आप पांच जनों को समृद्धि देती हैं। जन गण से बड़े जनसमूह थे। इनका उल्लेख वैदिक साहित्य में विद्यमान है। भारतीय संस्कृति उदात्त और विश्ववरेण्य है। इस संस्कृति के प्रति दुनिया के तमाम देशों का आदर भाव रहा है और आज भी है। वैदिक ऋषियों का संकल्प ध्यान देने योग्य है। कहते हैं, 'कृण्वंतों विश्वं आर्यं - हम विश्व को आर्य बनाना चाहते हैं। हम किसी भी राष्ट्र राज्य पर आक्रमण के इच्छुक नहीं हैं।' भरतीय इतिहास में किसी दूसरे देश को जीतने की इच्छा नहीं मिलती। हाल ही में विश्व मुस्लिम लीग के प्रमुख मोहम्मद बिन अब्दुल करीम अल ईसा भारत आये थे। इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में अल ईसा ने भारत के ज्ञान और संविधान की प्रशंसा की है। विश्व मुस्लिम लीग दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम संगठनों में गिना जाता है। इसके प्रमुख अल ईसा ने भारत को शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का सुंदर उदाहरण बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अल ईसा से भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी को गहरा करने पर विचारों के आदान प्रदान की बातें कीं। उन्होंने अल ईसा के साथ हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि हमने अंतरधार्मिक वार्ता को आगे बढ़ाने, चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला करने व वैश्विक शांति को बढ़ावा देने पर बातचीत की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति की चर्चा होती है।

**इस धरती के लोग सदियों से व्यक्तिगत हित की तुलना में विश्व लोकमंगल की आराधना में संलग्न रहे हैं। भारत की अनुभूति संसार में अद्वितीय है। यह एक प्रेमपूर्ण गीत है।**

देश-विदेश

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नाखूनों की ग्रोथ के लिए बेहद फायदेमंद है ये तेल, कैसे करें इस्तेमाल

लड़कियों को बड़े नाखून काफी पसंद होते हैं। लेकिन अगर आपके नाखून कमजोर हैं और उनकी ग्रोथ नहीं होती तो आप इस एक ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप अपने नाखूनों की ग्रोथ को बढ़ा सकती हैं। लड़कियों को बड़े नाखून काफी पसंद होते हैं। साथ ही वह अपने नाखूनों की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए कई तरह के प्रयास करती हैं। पॉलिश करने से लेकर उनको सही आकार देने तक नाखूनों की खूबसूरती को और बढ़ाने का काम करती है। इसलिए लड़कियां अपने नाखूनों पर विशेष ध्यान देती हैं। लेकिन कुछ महिलाओं के नाखून काफी कमजोर होते हैं और उनकी ग्रोथ भी काफी धीमी होती है। अगर आपके साथ भी यह समस्या है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप अपने नाखूनों की ग्रोथ को बढ़ा सकती हैं। इसके लिए आप अपने नाखूनों पर जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से आप नाखूनों की ग्रोथ को बढ़ाने के लिए जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### मॉइस्चराइज करता है यह ऑयल

बता दें कि जोजोबा ऑयल में विटामिन ई, बी-कॉम्प्लेक्स और जिंक और कॉपर जैसे मिनरल्स काफी मात्रा में पाए जाते हैं। जो नाखूनों की ग्रोथ के लिए बेहद जरूरी होती हैं। साथ ही यह एक मॉइश्चराइजर की तरह भी काम करता है और यह नाखूनों पर चढ़ी सूखी परत को दूर करता है। आप जोजोबा ऑयल का उपयोग नाखूनों को हाइड्रेट करने के लिए कर सकते हैं। इससे नाखूनों को मजबूती मिलती है।



### सूखी परत बनना

नाखूनों की ग्रोथ में सूखी और खुरदरी क्यूटिकल्स बाधा डाल सकती हैं। जिसकी वजह से हैंगनेल बन सकता है। क्यूटिकल्स को मुलायम बनाने और कंडीशनिंग करने में जोजोबा ऑयल के गुण काफी सहायक होते हैं। इसलिए लिए आप रोजाना क्यूटिकल्स पर नियमित रूप से जोजोबा तेल की मालिश कर सकते हैं। इससे नाखून मॉइश्चराइज होते हैं। इससे नाखून सूखे, फटे या छीलने से बचेंगे।

### फंगल इन्फेक्शन

नाखून में फंगल इंफेक्शन होना बेहद आम है। यह नाखूनों की ग्रोथ को कम कर सकता है। वहीं जोजोबा ऑयल में एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। एंटीफंगल गुण संक्रमण से लड़ने में सहायक होता है। नाखूनों पर जोजोबा ऑयल की कुछ बूंदों को नाखूनों के प्रभावित हिस्सों में लगाने से फंगस की समस्या कम होते हैं। लेकिन इस दौरान यह ध्यान रखना चाहिए कि नेल फंगस की समस्या को कम करने के लिए जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल करने से पहले एक बार डॉक्टर से जरूर परामर्श कर लें।

### नेल बेड की सुरक्षा

नाखूनों की ग्रोथ के लिए जरूरी है कि वह हेल्दी हों। जोजोबा ऑयल नाखूनों की ग्रोथ को बढ़ाने का काम करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना नाखूनों से संबंधित कम समस्या में जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे इनका ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होने के साथ ग्रोथ भी होती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

- इस ऑयल को लगाने से पहले नाखूनों से नेलपेंट रिमूव कर दें।
- फिर गर्म पानी में जोजोबा ऑयल की बोतल को कुछ समय के लिए रख दें।
- इससे आपके नाखूनों में अवशोषण होता है।
- जोजोबा ऑयल की कुछ बूंदों को ड्रॉपर या रुई में लगाकर नाखूनों की त्वचा पर मालिश करें।
- अब सर्कुलर मोशन में अपनी उंगलियों से नाखूनों पर तेल से मसाज करें। इससे ब्लड सकुर्लेशन में सुधार होने के साथ ही अवशोषण में मदद मिलती है और आपके नाखूनों की ग्रोथ होती है।
- रात पर इस ऑयल को नाखूनों पर लगाए रहने के बाद सुबह इन्हें साफ कर लें।

❖ अनन्या मिश्रा

# बिंदी लगाने से माथे पर होती है एलर्जी

भारतीय महिलाओं के श्रृंगार में बिंदी का बेहद अहम रोल होता है। महिलाएं तैयार होने के दौरान कभी भी बिंदी लगाना नहीं भूलती हैं। लेकिन कई बार बिंदी लगाने से एलर्जी हो जाती है। इस एलर्जी से बचने के लिए आप इन उपायों को आजमा सकती हैं। भारतीय महिलाओं के श्रृंगार में बिंदी भी शामिल है और इसका काफी महत्व होता है। तैयार होने के दौरान महिलाएं कभी भी बिंदी लगाना नहीं भूलती है। वहीं जब कोई भी महिला बिंदी लगा लेती है, तो उसकी सुंदरता में चार चांद लग जाते हैं। हालांकि कई महिलाओं को बिंदी से एलर्जी भी होती है। ऐसे में जब वह बिंदी लगाती हैं, तो उनके माथे पर खुजली होने लगती है। बता दें कि पैरा टर्शियरी ब्यूटिल फिनॉल केमिकल का इस्तेमाल बिंदी को चिपकाने के लिए किया जाता है।



इसके साथ ही कई महिलाओं की त्वचा काफी ज्यादा सेंसिटिव होती है। जिसके कारण यह उन्हें सूट नहीं करता है, और उन महिलाओं को एलर्जी की समस्या हो जाती है। इसी वजह के चलते कई महिलाएं बिंदी लगाना बंद कर देती हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल आपको बिंदी लगाने से पहले करना है। इन तरीकों को अपनाकर आप इस एलर्जी से निजात पा सकती हैं।

**मॉइश्चराइजर लगाएं :** कई बार बिंदी लगाने पर एलर्जी होने का कारण स्किन का रूखापन भी हो सकता है। ऐसे में आपको एलर्जी से बचने के लिए दिन में तीन से चार बार माथे पर मॉश्चराइजर लगाना चाहिए। जिससे कि बिंदी लगाने वाली जगह पर नमी बनी रहे।

**एलोवेरा जेल :** रोजाना रात में सोने से पहले अगर आप माथे पर एलोवेरा जेल लगाती हैं। तो इससे आपकी स्किन को एलर्जी से लड़ने की क्षमता मिलती है। क्योंकि एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण पाए जाते हैं। जो आपकी त्वचा को एलर्जी से बचाते हैं।

**माथे पर लगाएं कुमकुम :** अगर इन सारे तरीकों के बाद भी आपकी एलर्जी कम नहीं हो रही है, तो आप कुमकुम वाली बिंदी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। कुमकुम वाली बिंदी को चिपकाना नहीं पड़ता है और यह त्वचा पर कोई इफेक्ट भी नहीं डालता है।

**नारियल तेल :** माथे पर बिंदी वाली जगह पर नारियल तेल से रोजाना 2 मिनट मसाज करें। क्योंकि नारियल तेल को त्वचा के लिए बेस्ट मॉश्चराइजिंग एजेंट माना जाता है। इससे आपकी स्किन में नमी आती है और बिंदी की एलर्जी से भी राहत मिलेगी।

# ऑर्गन ऑयल की मदद से बनायें हेयर सीरम

हेयर सीरम तैयार करने के लिए एक छोटी कटोरी में ऑर्गन ऑयल और जोजोबा तेल मिलाएं। अब आप इसमें अपनी पसंद के लैवेंडर, रोजमेरी, या पेपरमिंट जैसे एसेंशियल ऑयल को इसमें डालें और मिक्स करें। जब भी बालों की केयर की बात होती है तो हम उसमें ऑयल को जरूर शामिल करते हैं। अक्सर नारियल से लेकर सरसों के तेल से बालों में चंपी की जाती है। लेकिन क्या आपको पता है कि ऑर्गन ऑयल भी बालों के लिए उतना ही लाभकारी है। इसे बतौर हेयर सीरम हेयर केयर रूटीन में शामिल किया जा सकता है। आप घर पर ही ऑर्गन ऑयल की मदद से हेयर सीरम बना सकते हैं। यह ना केवल बालों में फ्रिज को कंट्रोल करेगा और उन्हें अधिक मैनेजेबल बनाएगा, बल्कि इससे डैमेज्ड बालों को रिपेयर करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही साथ, यह हीट और हीट स्टाइलिंग टूल के लिए एक बैरियर की तरह भी काम करेगा।

**ऑर्गन ऑयल और जोजोबा ऑयल से बनाएं सीरम :** जोजोबा ऑयल अपने मॉइश्चराइजिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए इसे ऑर्गन ऑयल के साथ मिक्स करके आप एक बेहतरीन हेयर सीरम तैयार कर सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री-

- 2 बड़े चम्मच ऑर्गन ऑयल
- 1 बड़ा चम्मच जोजोबा तेल
- लैवेंडर, रोजमेरी, या पेपरमिंट ऑयल की 5-10 बूंदें



### हेयर सीरम बनाने का तरीका-

- हेयर सीरम तैयार करने के लिए एक छोटी कटोरी में ऑर्गन ऑयल और जोजोबा तेल मिलाएं।
- अब आप इसमें अपनी पसंद के लैवेंडर, रोजमेरी, या पेपरमिंट जैसे एसेंशियल ऑयल को इसमें डालें और मिक्स करें।
- ये एसेंशियल ऑयल न केवल एक सुखद सुगंध जोड़ते हैं बल्कि इससे आपके बालों और स्कैल्प को भी अतिरिक्त लाभ मिलता है।
- इस मिश्रण को अच्छी तरह से हिलाएं और एक छोटी एयरटाइट कंटेनर में इसे रखें।
- कांच की ड्रॉपर बोतल का इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है।

### हेयर सीरम इस्तेमाल करने का तरीका

- सबसे पहले बालों को वॉश करें और फिर तौलिए से बालों को सुखाएं।
- अब अपनी हथेलियों पर सीरम की कुछ बूंदें लें।
- सीरम को समान रूप से वितरित करने के लिए अपने हाथों को आपस में रगड़ें।
- अपने बालों पर सीरम लगाएं।
- मिड लेंथ से लेकर एंड्स तक हेयर सीरम अप्लाई करें।
- बालों को चिपचिपा होने से बचाने के लिए जड़ों के बहुत करीब लगाने से बचें।
- अब बालों में धीरे से कंघी करें, ताकि सीरम एकसमान रूप से लग जाए।

❖ मिताली जैन



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

# श्मशान घाट में कमीशन-चोर

**कमीशनचोर अपने पाले बाउंसरों को अपना सबसे प्रिय कहते हैं। कभी-कभी वे इन्हें पट्ठे, चेले, साथी, बाहुबली, बांए-हाथ वगैरह, कमीशन वसूलक भी कहते पाए जाते हैं। लेकिन 'वे' अपने बाउंसरों को कुत्ता कहते हैं, जो वक्त जरूरत 'छू' कहने पर दौड़कर छीनने, काटने जाते हैं।**

देखा जाए तो वे कमीशन-चोर, चिंदी-चोर हैं और बिचौलिया कहने वालों से बकायदा खफा हो जाते हैं। सब जानते हैं कि वे अपने बाप से भी किसी भी प्रकार की डीलिंग करने के लिए पैसे वसूलते हैं। किसी भी चीज में या संपत्ति में एकबार उनके नाम का टैग लग जाए तो वह बिना कमीशन के नहीं मानते। इन दिनों वे श्मशान घाट में डेरा जमाए बैठे हैं। उनका मानना है कि दुनिया आखिरकार थकहारकर यही पर रुक जाती है। इसलिए अपने सारे कमीशनखोरी धंधे यहीं से चलाने की फिराक में हैं। कमीशनचोर अपने पाले बाउंसरों को अपना सबसे प्रिय कहते हैं। कभी-कभी वे इन्हें पट्ठे, चेले, साथी, बाहुबली, बांए-हाथ वगैरह, कमीशन वसूलक भी कहते पाए जाते हैं। लेकिन 'वे' अपने बाउंसरों को कुत्ता कहते हैं, जो वक्त जरूरत 'छू' कहने पर दौड़कर छीनने, काटने जाते हैं। हां चाटने का एक्सक्लूजिव काम वे स्वयं करते हैं। उनकी देखरेख और कमीशनखोरी पर पले कुत्ते उनके प्रति 'किसी की भी वसूली' स्तर तक शरीफ हैं। कमीशन को वसूलने में सक्षम भी। 'कुत्ते' जहां-तहां काट-खाट रहते हैं कि- श्मशान घाट में कमीशन-चोर जैसा 'भयंकर मेहनती' शायद ही कोई दूसरा हो। हर किसी को मानना पड़ता है। जनतंत्र आपत्ति जताने का अधिकार अवश्य देता है लेकिन सामान्य समझदार भी जानता है कि यहां हां में हां मिलाना ही सुरक्षित होना है। ऐसे कामों में आजकल ईमानदार मिलते कहां है। सफेदी का धंधा करने वालों के हाथ भी काले दिखाई दे जाते हैं। फिर वे तो घोषित रूप से कमीशन-चोर के दीमक हैं। वे कहते हैं कमीशन कोई भी बुरा नहीं होता, चाहे श्मशान ही क्यों न हो। श्मशान में शरम कैसी, लोग जूता फैंके या ताना मारे ! प्रतिभाशाली दीमक मुर्दे से भी कमीशन वसूल लेते हैं। कहने को कमीशन-चोर एक तरह का जनसेवक कहलाता है! लेकिन जो भाग्य लिखा कर लाए हैं वे श्मशान घाट में भी महान ही होते हैं। पहले भी उनके ओढ़ने-बिछौने में रुपया होता था, आज भी होता है। पहले जीवित लोग जयजयकार करते थे आज मुर्दे करते हैं। पुराने जमाने में पेड-हिस्ट्री लिखवाई जाती थी आज पेड-न्यूज। उंगली उठाने वालों का मस्तकाभिषेक पहले भी किया जाता था आज भी होता है। छोड़िए, इन सब बातों से क्या लेना-देना। आप तो बस इतना भर जानिए कि वे भयंकर कमीशन-चोर हैं। श्मशान घाट के चप्पे-चप्पे में उनकी शराफत का आतंक है। वे शराफत से दस रुपए रोज भी नहीं कमा पाते हैं इसलिए नियमानुसार भोले-भाले होने का दावा करते रहते हैं। गाय की शक्ल में लोमड़ी हैं। सरकार गरीबी हटाने की, या यों कह लीजिए कि निर्धनता मिटाने की अनेक योजना बनाती आ रही है। वे इन योजनाओं के भी दीमक हैं। सबकी निर्धनता मिटे न मिटे, लेकिन उनके नाम पर कमीशन कमाकर अपनी निर्धनता मिटाने की अपार क्षमता रखते हैं। आंखों में तैरते गहरे-गहरे लाल डोरे उनके कमीशनखाऊ होने का सबूत है। वे कहते हैं कि सेवाभावना उनके खून में है और खून के आखरी कतरे तक वे देश की सेवा करेंगे, कोई माई का लाल उन्हें सेवा करने से रोक नहीं सकता है। कोई विरोध करने का प्रयास करेगा तो उनके कुत्ते रूपी बाउंसर तो हैं ही। कुत्तों के जरिए उसका खून पी जाएंगे लेकिन किसी को अपनी सेवा से वंचित नहीं करेंगे। सभी को चाहिए कि उनके जैसे त्यागी और समर्पित व्यक्ति को महापुरुष घोषित कर अपना कर्तव्य पूरा करे। वरना वे शरीफ हैं और मेहनती भी। किसी दिन राष्ट्रपति भवन में घुस गए तो 'भारत रत्न' उठा लाएंगे और फिर लौटाएंगे नहीं।

## सूडोकु नवताल- 6764

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6763 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**18 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | कर्क | 05.20 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | सिंह | 07.40 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 09.52 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.03 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 14.17 ब.से |
| शुक्र | सिंह में | धनु | 16.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 18.38 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 20.25 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 21.58 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मेष | 23.28 बजे से |
| | | वृष | 01.08 बजे से |
| | | मिथुन | 03.06 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 199 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 02.10 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य अहोरात्र। **योग** हर्षण 09.36 बजे को समाप्त। **करण** किस्तुघ्न 13.04 बजे तदनन्तर बव 02.10 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 00.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 06' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871678 **जूलियन दिन** 2460143.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 29 **विशेष** श्रावण अधिक प्रथम मंगला गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7826

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

### बाएँ से दाएँ

1.इच्छा,मन्नत-2
3.आश्रय,शरण-3
6.ठाठ-बाट-2
8.प्रकार-3
10.आवरण-3
12.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
14.ख्वाब,स्वप्न-3
17.घर,आवास-3
19.लोच-3
21.भस्म,खाक-2
23.निगाह,दृष्टि-3
25.संबोधन-2
26.देवर्षि-3
28.तिजोरी-3
30.तरंग,हिलोर-3
32.गुंडा,बदमाश-3
35.अनुकृति-3
37.नाप करना-3
39.थोड़ा-2
40.उल्टी,कै-3
41.मां के पिता-2

### ऊपर से नीचे

1.सप्तम,सातवां-2
2.पृथ्वी,वसुंधरा-3
4.घ्राणेंद्रिय-2
5.वासना,लालसा-3
7.खुमार,सरुर-2
9.रनिवास (उर्दू-3)
11.चतुर,तेज-3
13.थकावट-3
15.नृत्य करना-3
16.कुल,खानदान,वंश-3
18.पुराना जुकाम-3
20.कटि,शरीर का मध्यांग-3
22.ईमामदस्ता-3
24.नकद राशि,रोकड़-3
27.जलने की क्रिया-3
29.रवानगी,विदा होना-3
31.राशि,धन-3
33.आलेप करना, पोतना-3
34.रहस्य-2
36.बुरी आदत-2
38.अनेक प्रकार-2

### शब्द पहेली -7825 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | ■ | ता | ■ | य | ■ | लॉ | क |
| रा | ■ | ला | ल | ■ | श | ह | ■ | हा |
| ब | से | रा | ■ | सा | ■ | क | म | र |
| ■ | ना | ■ | आ | स | रा | ■ | र | ■ |
| अ | ना | मि | का | ■ | श | रा | फ | त |
| ■ | य | ■ | र | ह | न | ■ | रो | ■ |
| म | क | र | ■ | र | ■ | प्रे | श | र |
| लि | ■ | ज | मा | ■ | आ | म | ■ | म |
| न | र | ■ | न | ■ | म | ■ | आ | ना |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है।

**वृष राशि :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मिथुन राशि :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**कर्क राशि :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें। उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**सिंह राशि :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**कन्या राशि :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक राशि :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**धनु राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मकर राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुंभ राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन राशि :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।





# भारतीय परंपरा में परोपकार महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि मानव सेवा के प्रति भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का समर्पण, करुणा और निस्वार्थ भावना दूसरों को प्रेरित करती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक बैठक (एजीएम) के औपचारिक सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय परंपरा में परोपकार को सबसे महत्वपूर्ण मानवीय मूल्य माना गया है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी 100 से अधिक वर्षों से लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस ने




प्राकृतिक आपदाओं और स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान राहत कार्यों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने मानवता के प्रति समर्पण और सेवा के लिए सोसायटी के सभी सदस्यों और स्वयंसेवकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण, करुणा और निस्वार्थ भावना दूसरों को प्रेरित करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता के कल्याण के लिए काम करना जारी रखेगी। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी देश भर में 100 से अधिक रक्तदान केंद्रों और मोबाइल अभियानों के माध्यम से भारत की लगभग 10 प्रतिशत रक्त आवश्यकताओं को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षित रूप से रक्त एकत्र करने और स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट भूमिका निभा रही है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों से रक्तदान से संबंधित गलत धारणाओं को दूर करने और लोगों, विशेषकर युवाओं को इस महान सामाजिक उद्देश्य से जोड़ने के लिए काम करने का आग्रह किया।

# विपक्ष की एकजुटता स्वागत योग्य कदम : अमर्त्य सेन

**एजेंसी। बोलपुर (पश्चिम बंगाल)**



लोकतंत्र में अक्सर सत्ता साझेदारी की जरूरत का जिक्र करते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने अगले साल होने वाले आम चुनावों के लिए एक संघीय मोर्चा बनाने के सिलसिले में गैर-भाजपा दलों के बीच जारी चर्चा का स्वागत किया है। अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान यहां अपने पैतृक आवास पर एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि केंद्र को मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए पुरजोर तरीके से हस्तक्षेप करना चाहिए। सेन (89) ने कहा, मुझे लगता है कि लोकतंत्र अक्सर सत्ता साझेदारी की मांग करता है, लेकिन अक्सर बहुमत, अल्पमत वाले दलों को वह ताकत हासिल नहीं करने देता और अल्पमत को एक संकटपूर्ण स्थिति में छोड़ देता है। अर्थशास्त्री-दार्शनिक ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए विपक्षी दलों के लिए सत्ता संतुलित करने का एकमात्र तरीका कमजोर बने रहने के बजाय एक दूसरे के साथ खड़े रहना है। उन्होंने कहा, (पिछले महीने) पटना में हुई (विपक्ष की) बैठक में जो कुछ हुआ, उससे कुछ ऐसा ही जाहिर होता है। बेंगलुरु में सोमवार और मंगलवार को 26 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक होने वाली है।

कांग्रेस, जनता दल (यूनाइटेड) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अलावा तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) जैसे बड़े विपक्षी दल बैठक में शामिल होंगे। इसमें, 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़ने की रणनीति की रूपरेखा तैयार करने की उम्मीद है। सेन ने मणिपुर में स्थिति पर कहा, सिर्फ इस चीज की जरूरत है कि केंद्र सरकार न्यायसंगत, पुरजोर तरीके से हस्तक्षेप करे। राज्य में तीन मई से हुई जातीय हिंसा में 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### शाह के बाद नड्डा से मिले चिराग पासवान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात करने के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सोमवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर एनडीए गठबंधन में शामिल होने की औपचारिक जानकारी उन्हें दी। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने चिराग पासवान के एनडीए गठबंधन में शामिल होने के निर्णय की जानकारी साझा करते हुए औपचारिक तौर पर उनका एनडीए गठबंधन में स्वागत भी किया। चिराग पासवान के साथ मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट कर कहा, चिराग पासवान से दिल्ली में भेंट हुई।

### वाहन दुर्घटना में ट्रैफिक पुलिसकर्मी समेत तीन की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के श्रीनगर जिले में सोमवार को तीन वाहनों के आपस में टकराने से एक यातायात पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना श्रीनगर शहर के बाहरी मलूरा इलाके में उस समय हुई जब इलाके में पेट्रोल पंप के पास कुछ वाहन आपस में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा, "मलूरा इलाके में पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक, एक तिपहिया वाहन और एक कार आपस में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।

# 1.44 लाख किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ नष्ट किए गए : शाह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मादक पदार्थ की तस्करी को राष्ट्रीय सुरक्षा से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। इसलिए इसकी खरीद, बिक्री और तस्करी पर हमें पूर्ण प्रतिबंध लगाना होगा। इस अभियान में केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकारों सहित देश के हर नागरिक को अहम भूमिका निभानी होगी। शाह ने सोमवार को अटल अक्षय ऊर्जा भवन में "ड्रग्स तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा" पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यों के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के समन्वय से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने आज देश के विभिन्न हिस्सों में 1,44,000 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स को नष्ट किया है। यह अभियान जारी रहना चाहिए। शाह ने कहा कि हमें मिलकर देश को "ड्रग फ्री" बनाना है। इसे लक्ष्य मानकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएं तो देश ड्रग फ्री राष्ट्र हो। इस संकल्प के साथ हमें काम करना होगा।

# पुंछ में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो घुसपैठिए ढेर

**एजेंसी। पुंछ**

जम्मू संभाग के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे इलाका चक्का दा बाग में सुरक्षा बलों ने रविवार देर रात घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो घुसपैठियों को मार गिराया है। इसके बाद सुरक्षाबल के जवान पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। सेना की हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोमवार को एक ट्वीट के माध्यम से कहा कि पुंछ सेक्टर में ऑपरेशन बहादुर के तहत रविवार देर रात भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान दो घुसपैठियों का सफाया कर दिया गया है। पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा से दो आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सेना के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा के वोधपुरा वन क्षेत्र से दो आईईडी बरामद किए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, विशेष इनपुट के आधार पर सेना ने हंदवाड़ा पुलिस के साथ सुबह वोधपुरा जंगल में खोज अभियान शुरू किया। संयुक्त अभियान में एनएच-701 के पास वोधपुरा रिज (चोटी) से लगभग पांच और सात किलोग्राम के दो आईईडी बरामद किए गए। संयुक्त टीम ने तुरंत पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। आईईडी की पहचान विस्फोटक डिटेक्टरों और आर्मी डॉग से लैस इंडियन आर्मी हाइली ट्रेंड्स एक्सप्लोसिव डिटेक्शन टीम द्वारा की गई थी। किसी और आईईडी या आतंकवादियों के छिपे होने की संभावना के लिए वोधपुरा जंगल क्षेत्र में सेना और हंदवाड़ा पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा गहन तलाशी अभियान फिर से शुरू किया गया है।

# ईडी ने तमिलनाडु के मंत्री पोनमुडी से जुड़े नौ स्थानों पर छापे मारे

**एजेंसी। चेन्नई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सोमवार को तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी से जुड़े नौ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। द्रमुक के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि छापेमारी उच्च शिक्षा मंत्री के बेटे डॉ. गौतम शिकामणि के आवास और अन्य परिसरों पर की गई। सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत के बाद पोनमुडी जांच के दायरे में आने वाले दूसरे मंत्री हैं। पोनमुडी और उनकी पत्नी पी. विशालाक्षी को इससे पहले जून 2023 में वेल्लोर के प्रधान जिला न्यायाधीश ने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक



निदेशालय द्वारा 2011 में दायर एक मामले में बरी कर दिया था। डीवीएसी ने मामला दायर किया था कि मंत्री और उनकी पत्नी ने 2006 और 2011 के बीच डीएमके सरकार में खान और खनिज मंत्री रहते हुए अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक 1.36 करोड़ की संपत्ति अर्जित की थी।

# क्या सुप्रिया को केंद्र में मंत्री बनाने का ऑफर लेकर आये थे अजित?

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

केन्द्र के पूर्ण सहयोग से एनसीपी में दो फाड़ करके महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बन गये अजित पवार का मात्र चौबीस घंटे में बिड़ी किंग प्रफुल्ल पटेल के साथ अपने सगे चाचा शरद पवार से दो बार बिना समय लिए मिलने जाना कई तरह के संकेत दे रहा है। अजित पवार व बिड़ी किंग प्रफुल्ल पटेल गुट द्वारा शरद पवार को मनाने की कोशिशें लगातार की जा रही हैं। रविवार के बाद सोमवार को लगातार दूसरे दिन अजित गुट द्वारा एनसीपी संस्थापक व दिग्गज नेता शरद पवार को मनाने के लिए मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में पहुंचे। लेकिन रविवार की तरह सोमवार को भी शरद पवार ने अजित गुट की बातें ध्यान से सुने लेकिन एक शब्द भी नहीं बोले। इस सबको लेकर अंदरखाने जो चर्चा है ,उसमें कहा जा रहा है कि ये दोनों सुप्रिया सुले





को केंद्र में राज्य मंत्री बनाने का प्रस्ताव लेकर गये थे। लेकिन पवार ने कुछ नहीं कहा। वह सधी चाल चलते अजित गुट व उनके रहनुमा बन गये केन्द्र के साहबों पर पलटवार की तैयारी में लगे हुए हैं। यह भी चर्चा है कि अजित गुट वाले एनसीपी को अपनी अलग बनाई पार्टी को अवैध घोषित होने का खतरा होने लगा है। क्योंकि इस बार चुनाव आयोग द्वारा जिस तरह शिवसेना के शिंदे गुट के लाभ वाला फैसला मिल गया, वैसा एनसीपी के अजित गुट को मिलने में अड़चन आने लगी है। शिवसेना टूट मामले में राज्यपाल की भूमिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी की है। विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका भी घेरे में आई। अभी उस मामले में अध्यक्ष को कुछ दिन में फैसला देना है। जिसके चलते शिवसेना से अलग होकर शिंदे वाली शिव सेना बनाने वाले विधायकों की विधायकी पर खतरा मंडरा रहा है। इसी को देखते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजित पवार गुट केन्द्र के हुक्मरानों द्वारा हर तरह से सपोर्ट के बाद भी घबड़ाया हुआ है। क्योंकि यदि शिंदे शिवसेना गुट के विधायकों के दलबदल मामले में फैसला विरोध में आता है, तो उसके विधायकों की सदस्यता खत्म हो जाएगी। इससे शिंदे सरकार संकट में पड़ जाएगी। इसी तरह से यदि अजित पवार गुट की टूट अवैध करार कर दी गई, तब इनके गुट के विधायकों की विधायकी जाएगी। इससे अजित पवार गुट का भट्ठा तो बेठेगा ही , केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी व उसके हुक्मरान रणनीतिकारों को भी बड़ा झटका लगेगा। सो इस सबकी काट के लिए शरद पवार की बेटी व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की कार्यकारी अध्यक्ष तथा सांसद सुप्रिया सुले को केन्द्र में राज्य मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया है। कहा जाता है कि केन्द्र के इसी प्रस्ताव को लेकर अजित पवार दो दिन से शरद पवार के पास जा रहे हैं। यदि शरद पवार मान गये , तो इससे न केवल एनसीपी में दो फाड़ का विवाद खत्म हो जाएगा, बल्कि महाराष्ट्र विधान सभा में भाजपा - राकांपा का मजबूत गठबंधन भी बन जाएगा। जिसका लाभ 2024 के लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा। यदि सुप्रिया सुले केंद्र में राज्य मंत्री पद आती हैं तो महाराष्ट्र में अजित पवार मुख्यमंत्री हो सकते हैं। या केन्द्र में सुप्रिया सुले को केन्द्रीय मंत्री बना, महाराष्ट्र में फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया जा सकेगा। इस बारे में एनसीपी सूत्रों का कहना है कि केन्द्रीय हुक्मरानों से मिलकर सगे भतीजा अजित पवार ने जिस तरह से दगा दिया, उसके बाद बयान दिया, बयासी वर्षीय शरद पवार उसको भूल नहीं पा रहे हैं, और इसका राजनीतिक बदला दोनों से लेना चाहते हैं। इसीलिए अभी मौन रह आगे की राजनीति की बिसात बिछाने में लगे हैं। फिर भी राजनीति में कब दोस्त दुश्मन और दुश्मन दोस्त बन जाए, कहा नहीं जा सकता है। इसीलिए तो राजनीति को हरजाई भी कहा जाता है।




## बादशाह ने हनी सिंह पर लगाए कई गंभीर आरोप



**मशहूर** रैपर यो यो हनी सिंह और बादशाह को बॉलीवुड के "जय-वीरू" के नाम से जाना जाता था। एक समय था जब इस जोड़ी ने इंडस्ट्री को कई हिट गाने दिए थे। उनका "माफिया मुंडीर" नाम से एक बैंड भी था। हालाँकि, एक दिन अचानक उनके बीच बहुत झगड़ा हो गया। उनके बीच का यह विवाद सार्वजनिक हो गया। अब बादशाह ने विवाद का कारण बताया। बादशाह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में हनी सिंह का जिक्र किया था। कई दिनों के बाद बादशाह बताते हैं कि कैसे उनके बीच झगड़े के लिए हनी जिम्मेदार थे। हनी सिंह उस समय बहुत आत्मकेंद्रित थे। वह केवल अपने शब्दों को महत्व देते थे। उन्होंने कभी भी दूसरे लोगों की राय स्वीकार नहीं की। तो हमारा बैंड टूट गया। इससे पहले भी थोड़ा विवाद हुआ था। बादशाह ने कहा, "मैंने उसे कई बार फोन किया लेकिन उसने फोन नहीं उठाया।" आगे बादशाह ने कहा, "मैंने हनी को बहुत समझाने की कोशिश की। मेरे पास कई गाने थे लेकिन उन्होंने कभी नहीं सुना।" वह मुझे भाई कहकर बुलाता था।

## 'नीरजा' में मेरी भूमिका मेरी क्षमता को परखने का मौका है: स्नेहा वाघ



**फैमिली** ड्रामा 'नीरजा' में प्रोतिमा की भूमिका निभा रहीं टीवी एक्ट्रेस स्नेहा वाघ ने कहा कि यह शो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ और यह एक नई भूमिका में उनकी क्षमता को परखने का अवसर है। 'नीरजा... एक नई पहचान' दिखाती है कि एक मां और सेक्स वर्कर प्रोतिमा कोलकाता के कुख्यात रेड-लाइट जिले सोनागाछी में रहते हुए अपनी बेटी नीरजा के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किस हद तक जा सकती है। किरदार के बारे में बात करते हुए स्नेहा ने कहा, यह शो मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। मैंने इस भूमिका को निभाने का फैसला किया क्योंकि यह एक नई भूमिका में अपनी क्षमता का परीक्षण करने का अवसर है।

## फिल्म 'मेरी क्रिसमस' का पोस्टर रिलीज

**कैटरीना कैफ** और विजय सेतुपति ने सोशल मीडिया पर 'मेरी क्रिसमस' के एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट घोषित की है। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म के लिए दर्शक उत्साहित हैं, क्योंकि कैटरीना और विजय पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। फैंस काफी समय से इस फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहे थे। यह फिल्म पहले 2022 में रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 15 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने जा रही है।




विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ ने दो पोस्टर लॉन्च किए, एक हिंदी में और दूसरा तमिल में। दोनों ही पोस्टर में कैटरीना और विजय नजर आ रहे हैं और इस पोस्टर ने सभी की उत्सुकता बढ़ा दी है। नया पोस्टर दर्शकों को विंटेज वाइब्स दे रहा है। हिंदी पोस्टर पर नजर डालें तो पुरानी मुंबई की झलक मिलती है। पोस्टर में टैगलाइन है रात जितनी संगीन होगी, सुबह आती रंगी होगी। हिंदी भाषा की फिल्म में संजय कपूर, विनय पाठक, प्रतिमा कन्नन और टीनू आनंद भी हैं, जबकि तमिल भाषा की फिल्म में राधिका सरथकुमार, शनमुगराजा, केविन जय बाबू और राजेश विलियम्स हैं।

**पहचान** दुनियाभर में 8.4 मिलियन से अधिक लोग डुओलिंगो से सीख रहे हैं हिंदी

# अंग्रेजी के बाद हिंदी दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा

## हिंदी सबसे ज्यादा सीखे जाने वाली भाषा की सूची में 10 वें स्थान पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका स्थित भाषा शिक्षण ऐप डुओलिंगो ने सोमवार को घोषणा की है कि वैश्विक स्तर पर 8.4 मिलियन से अधिक शिक्षार्थी ऐप से सक्रिय रूप से अंग्रेजी से हिंदी सीख रहे हैं। वर्तमान में भारत में डुओलिंगो यूजर्स के बीच अंग्रेजी के बाद हिंदी दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा है। कंपनी के अनुसार वैश्विक स्तर पर हिंदी ने पुर्तगाली भाषा को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा सीखी जाने




वाली भाषाओं की सूची में 10वां स्थान हासिल कर लिया है। 2018 में डुओलिंगो की शुरूआत के बाद से हिंदी भाषा पाठ्यक्रम न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में तेजी से बढ़ती भाषाओं में से एक बन गया है। यह मनोरंजन, खेल व्यवसाय और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में भारत की वैश्विक प्रमुखता को दशार्ता है। डुओलिंगो कपनी के कंट्री मार्केटिंग मैनेजर करणदीप सिंह ने एक बयान में कहा कि इससे शिक्षार्थियों के बीच भारत की भाषाओं और इसकी समृद्ध संस्कृति को जानने की गहरी जिज्ञासा पैदा हुई है। अंग्रेजी और हिंदी के साथ-साथ फ्रेंच, कोरियाई और स्पेनिश लोकप्रिय भाषाओं में से एक हैं, जिन्हें भारतीय डुओलिंगो पर सीख रहे हैं।

कंपनी ने कहा, डुओलिंगो पर हिंदी की लोकप्रियता सामाजिक-आर्थिक कारणों से आई है। काम के लिए जो लोग हिंदी भाषी क्षेत्रों की ओर रुख करते है उनके लिए यह फायदेमंद है। जैसे-जैसे भारत खुद को व्यापार और विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है, प्रवासी आबादी बढ़ रही है। कोविड के बाद पर्यटन में उछाल के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में वृद्धि हुई है। अपनी भारत केंद्रित पेशकश के हिस्से के रूप में डुओलिंगो ने पिछले साल विशेष रूप से बंगाली बोलने वालों के लिए एक अंग्रेजी सीखने का पाठ्यक्रम तैयार किया था।

## मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा की बात, आम जनों के साथ अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

## रांची में चली गोली, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के थड़पखना में सोमवार दोपहर दिनदहाड़े गोली चली है। बताया जा रहा कि एक राउंड फायरिंग हुई है। अपराधी गोली चलाकर फरार हो गया है। गोली चलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## सिपाही नियुक्ति नियमावली चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट 16 अगस्त को करेगा सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर अगली सुनवाई 16 अगस्त को निर्धारित की है। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस की सुनवाई को देखते हुए यह आदेश दिया। इस मामले में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि, इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्ति हुए सभी सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया गया था, जिसके बाद से करीब सात हजार सिपाही इस मामले में प्रतिवादी बने हैं।

## लोकतंत्र बचाओ नहीं, यह है गर्दन बचाओ अभियान : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को ट्वीट करके बेंगलुरु में विपक्षी दलों (गैर भाजपा) की होने वाली बैठक पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लोकतंत्र बचाओ अभियान के नाम पर एक साथ बैठ रहे हैं। वास्तव में यह गर्दन बचाओ अभियान है। बैठक में शामिल होने वाले कांग्रेस, राजद, टीएमसी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आप और अन्य दलों के प्रमुख नेताओं को कटघरे में खड़ा किया है। मरांडी ने हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी एक मामले में जमानत पर हैं। दूसरे में सजायाफ्ता हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में लूटखंड के संस्थापक हैं। बेहिसाब जमीन जायदाद के मालिक हैं। जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। कभी भी जेल जा सकते हैं। राजद प्रमुख लालू यादव चारा घोटाले में सजायाफ्ता हैं। लैंड फॉर जॉब में चार्जशीटेड हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भतीजा शिक्षक भर्ती और कोयला घोटाले में जांच का सामना कर रहा है। मंत्री जेल में है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार के डिप्टी सीएम अरबों रुपये के शराब घोटाले में जेल में बंद हैं।

# पृष्ठ एक के शेष

**30 हजार से अधिक महिलाओं को मिला फूलो झानो...**

चरण 15 नवंबर 2021 से 28 दिसंबर 2021 तक संचालित किया गया। इसमें सर्वेक्षण के माध्यम से 9, 474 महिलाएं चिन्हित हुईं और 9,291 महिलाओं को वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जोड़ने में सफलता मिली। इन्हें रोजगार के अन्य साधनों से जोड़ने के लिए 929.1 लाख ब्याज मुक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई। इस तरह दो चरण में योजना के तहत 2,353.4 लाख की धनराशि महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दी गई। इसके बाद भी अभियान नहीं रुका। हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को चिन्हित करने का कार्य पूरे राज्य में चलता रहा। इसका परिणाम है कि अबतक 30,013 महिलाओं को इस योजना से जोड़ बेहतर जीवन के अवसर प्रदान करने में राज्य सरकार को सफलता प्राप्त हुई है।

**पांच साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी...**

साथ अभावों को मापता है जो 12 एसडीजी-संरेखित संकेतकों द्वारा दर्शाए जाते हैं। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी 12 संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है, जिससे गरीबी में कमी आई है।

**चुनाव आयोग के निर्देश पर...**

है कि जब कभी भी अभियान चलाया जाता है तो बकायदा चेक और कूपन के जरिए पार्टी फंड में राशि जमा होती हैं, जिसमें दाताओं के नाम, मोबाइल नंबर और पता अंकित होता है। बीजेपी पूरी सूचना के साथ वित्तीय लेन-देन में विश्वास रखती है। यही वजह है कि अन्य दलों की अपेक्षा हमारे यहां पूरी पारदर्शिता रहती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने वित्तीय लेखा-जोखा संबंधी रिपोर्ट चुनाव आयोग के द्वारा मांगे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ससमय रिपोर्ट उपलब्ध करा देगी। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी के वित्तीय लेखा-जोखा का ऑडिट होना चाहिए। जिसमें इलेक्ट्रॉल बाउंड के जरिए और उद्योगपतियों के द्वारा कई माध्यम से पार्टी फंड में पैसे जमा होते आए हैं।


**Office of The Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division, Garhwa**

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No PR.NO.299780 Building (23-24):D has been reinvaded. Date of Receipt of the tender will be 20.07.2023 Time 01:00 PM and the Dropping of the tenders will be 22.07.2023 Time 03:30 PM. Only Serial No. 1 & 2.

Rest will be as usual.

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division, Garhwa

PR 302474 Building (23-24)_D


## स्थापना दिवस पर डीपीएस में बिखरी सांस्कृतिक छटा

रांची। डीपीएस, रांची ने सोमवार को अपना 34वां स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के सचिव संजय कुमार सिन्हा, डीजीपी अजय कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत-संगीत से भरी एक से बढ़कर प्रस्तुतियों से आगंतुकों का मनोरंजन किया। चाणक्य नीति दर्पण विषय पर छात्रों द्वारा एक मनोरम नृत्य नाटिका पेश किया गया। नाटक के माध्यम से गुरु-शिष्य के संबंधों की प्रगाढ़ता पर विशेष बल दिया गया। आकर्षक प्रस्तुति रैंप वॉक की भी थी, जिसमें विद्यार्थयों द्वारा विभिन्न वेशभूषा के माध्यम से प्रासंगिक सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया। अतिथियों ने भी बच्चों को शिक्षा की महत्ता बताते हुए समाज के प्रति नागरिक के कर्तव्य के बारे में बताया।


**न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला**
**(सामान्य न्यायालय)**

**सूचना**

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा –133 के तहत अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला के न्यायालय में वाद सं0 – एम0 409/2022 अनिता उराँव–बनाम–संजय कुमार मिंज वगै0 विचाराधीन है। उक्त वाद में द्वितीय पक्ष संजय कुमार मिंज, पिता–हगर मिंज, बनु उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं कृष्णा उराँव, पिता–..........., सभी पता–शास्त्रीनगर, गुमला, थाना + जिला–गुमला लम्बी अवधि से अनवरत अनुपस्थित हैं। फलतः वाद में किसी प्रकार की अग्रेत्तर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

अतः नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त (Principal of Natural Justice) को दृष्टिगत रखकर द्वितीय पक्ष संजय कुमार मिंज, पिता–हगर मिंज, बनु उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं कृष्णा उराँव, पिता–..........., सभी पता – शास्त्रीनगर, गुमला, थाना + जिला–गुमला को एतदर्थ संसूचित किया जाता है कि वे वाद सुनवाई की अगली तिथि – 03.08.2023 को स्वंय अथवा, अपने विज्ञ अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अनुपस्थित पाए जाने अथवा, वाद में किसी प्रकार की पैरवी न कि जाने की स्थिति में एक पक्षीय सुनवाई (Ex-Party Hearing) करते हुए वाद का निस्तारण कर दिया जाएगा।

इस सख्त ताकिद जाने।

ह0/–
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला

PR.NO.302476 District(23-24):D



**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,**
**CIRCLE NO-2, RANCHI,COMBINED OFFICE BUILDING,**
**BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT,JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender**
**( Short Notice)**
**ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस(2nd call)**

**Tender Reference No.-(14)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2023-24 Date:-17-07-2023**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction Of Utkramit Middle School, Ghordiha Block-Bishrampur, Dist-Palamu For The Year 2023-2024. | रू0 59,58,600.00 | 06 महीने |
| i. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22-07-2023 | |
| ii. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 01-08-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii. | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 02-08-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| iv. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 02-08-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| vi. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431105183/8987663716 | |
| vii. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 302473 Building Dept Circle - 2(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा।**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/18/2023-24दिनांक– 17.07.2023**

1. मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र. सं. | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | हण्टरगंज | खुट्टीकेवाल खुर्द | डुमरी खुर्द | Detailed Estimate for Construction of New facilities Proposed Infrastructure, Campus Development of College Campus for Ram Narayan Memorial College at Hunterganj, Chatra- Group A- Science Block, Canteen, Main Gate and Campus Development | 49147321 | 983000 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.07.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 04.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा एवं (iii) मुख्य अभियंता नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रोजेक्ट भवन राँची झारखण्ड। में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 05.08.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 07.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR 302482 NREP(23-24)D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू।**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 06/2023-24**

1 विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।
2 Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 19.07.2023
3 ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.07.2023 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4 परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करने की तिथि/स्थान। :– दिनांक 31.07.2023 (अपराह्न 2:00 बजे तक) जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
5 निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 31.07.2023 (अपराह्न 4:00 बजे)
6 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
7 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पाँकी | पाँकी | मस्जिद चौक से पीपल पेड़ तक नाली जिर्णोद्धार। | 2363800.00 | 47500.00 | 5000.00 | 3 माह | 01/2023-24 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 2 | छतरपुर | डाली | पंचायत भवन डाली में पंचायत समृद्धि केन्द्र का निर्माण। | 2455800.00 | 49500.00 | 5000.00 | 6 माह | 02/2023-24 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगा।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो सचिव, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 302565 District(23-24)D


## सड़क हादसे में मारे गए पीड़ित परिवारों से मिलीं विधायक

**रांची।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को सड़क हादसे में मारे गए दोनों युवकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। ज्ञात हो कि सोमवार की रात मांडर थाना क्षेत्र के कैम्बो गांव के पास सड़क हादसे हुए थे।


प्रपत्र VII
**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)**
**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या 560/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **बिलासपुर से धुरकी भाया सगमा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** हेतु ग्राम–सामो उर्फ शुरू, थाना नं0–161, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.1692** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.1692** एकड़ है और जो ग्राम–सामो उर्फ शुरू, थाना नं0–161, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भुखंड स) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2 | 248 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0264 | रामजी प्रसाद यादव वो लक्षमण प्रसाद पिता सामारू प्रसाद यादव, खुटिया | रोड | नीज | 321 | टॉड़ 2 |
| 2 | 2 | 253 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0159 | रामजी प्रसाद यादव वो लक्षमण प्रसाद पिता सामारू प्रसाद यादव, खुटिया | नीज | रोड | 254 | 252 |
| 3 | 28 | 272 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0534 | सुदर्शन कोरवा पिता त्रिवेणी कोरवा, परमेश्वर कोरवा पिता स्व0 मुन्ना कोरवा, खुटिया | रोड | नीज | 273 | 283 |
| 4 | 28 | 270 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0119 | सुदर्शन कोरवा पिता त्रिवेणी कोरवा, परमेश्वर कोरवा पिता स्व0 मुन्ना कोरवा, खुटिया | नीज | रोड | 269 | 268 |
| 5 | 9 | 286 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0364 | सोनरबसिया कुँवर पति स्व0 रामबदन कोरवा वो मुहरमनिया कुँवर पति स्व0 सागर कोरवा वो सुनरमनिया कुँवर पति स्व0 जीतु कोरवा सभी पिता सुकन कोरवा, बनारसी कोरवा पिता देवशरण कोरवा, खुटिया | रोड | नीज | 285 | 288 |
| 6 | 9 | 265 | टॉड़ दो | रैयती | 0.0252 | सोनरबसिया कुँवर पति स्व0 रामबदन कोरवा वो मुहरमनिया कुँवर पति स्व0 सागर कोरवा वो सुनरमनिया कुँवर पति स्व0 जीतु कोरवा सभी पिता सुकन कोरवा, बनारसी कोरवा पिता देवशरण कोरवा, खुटिया | नीज | रोड | 267 | 263 |
| | | | | कुल :– | 0.1692 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–सामो उर्फ शुरू, थाना नं0–161, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 302503 (Land Reforms) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा**
**जिला कौशल कार्यालय, गढ़वा**
email : employmentexchangegarhwa@gmail.com

**निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण नामांकन सूचना**

गढ़वा जिला में विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) योजना, जिला योजना अनाबद्ध निधि तथा DMFT निधि के तहत गढ़वा सदर, नगर उन्टारी तथा खरसोता (मझिआंव) में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाना है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण में नामांकन हेतु गढ़वा जिला के युवक/युवतियों से हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र **हाथों–हाथ** निम्न शर्तों के अनुरूप आमंत्रित किया जाता है:–
1. अभ्यर्थियों के नामांकण हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. आयु– 18 से 25 वर्ष (दिनांक–01.08.2023 से गणना की जाएगी)। साथ ही आरक्षित वर्ग को नियमानुसार उम्र में छुट दी जाएगी।
3. कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थियों को गढ़वा जिला का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
4. प्रशिक्षण हेतु सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं एवं कस्तूरबा विद्यालय से उत्तीर्ण छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगा।
5. प्रत्येक बैच में 30 प्रशिक्षणार्थी होंगे जिसमें से 50 प्रतिशत सीट महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेगा।
6. अभ्यर्थियों के चयन में गढ़वा जिला के आरक्षण नीति का अनुपालन किया जाएगा।
7. कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर संचालित बैचों के अतिरिक्त अभ्यर्थियों का रिजर्व पुल बना कर रखा जाएगा।
8. दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी आरक्षण नीति के अनुसार सहभागिता प्रदान किया जाएगा।
9. कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
10. कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में भर कर सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित (Self Attested) **जिला कौशल कार्यालय (जिला नियोजनालय) गढ़वा में हाथों–हाथ निर्धारित तिथि तक जमा करेंगें।** निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| आवेदन प्रारंभ करने की तिथि | 15.07.2023 |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 22.07.2023 (अप0–05.00 बजे तक) |
| प्राप्त आवेदन का समिति द्वारा Screening की तिथि | 23.07.2023 से 25.07.2023 तक |
| साक्षात्कार की तिथि | 26.07.2023 (पुर्वा–10.30 बजे से अप0 05.00 बजे तक) (जिला समाहरणालय सभागार कक्ष,गढ़वा) |

11. कम्प्यूटर प्रशिक्षण से संबंधित कुल सीटों पर नामांकन हेतु सूची :–

| व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षण स्थान | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| कम्प्यूटर प्रशिक्षण | 400 घण्टा | गढ़वा सदर | 90 |
| कम्प्यूटर प्रशिक्षण | 400 घण्टा | नगरउन्टारी | 90 |
| कम्प्यूटर प्रशिक्षण | 400 घण्टा | खरसोता (मंझिआंव) | 90 |

12. आवेदन प्रपत्र www.garhwa.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही आवेदन प्रपत्र के लिए जिला कौशल –सह– जिला नियोजन कार्यालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।
13. अभ्यर्थियों के चयन में समिति का निर्णय अंतिम होगा।

जिला कौशल पदाधिकारी
गढ़वा

PR302511 (Labour Employment and Traning)23-24*D



प्रपत्र VII
**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या 564/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना बिलासपुर से धुरकी भाया सगमा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु ग्राम–टॉड़ कटहर, थाना नं0–141, थाना–सगमा, अंचल–सगमा, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.7073** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.7073** एकड़ है और जो ग्राम–टॉड़ कटहर, थाना नं0–141, थाना–सगमा, अंचल–सगमा, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 10 | 392 | धान 2 | रैयती | 0.1688 | खेलावन चमार वो चखु चमार वो सजीवन चमार वो कारी चमार वो भरथरी चमार वो जई चमार पिता रघुनी चमार | 392 | 390 | 394 | 392 |
| 2 | 60 | 399 | टॉड़ 2 | रैयती | 0.2245 | सुरेन्द्र गुप्ता पिता मोहर साह वो प्रभु गुप्ता पिता गिरधारी साह वो सुधीर गुप्ता पिता इन्द्रमणी गुप्ता वो बासमति देवी पति संतन साह | 398 | 400 | 440 | 396 |
| 3 | 10 | 408 | टॉड़ 2 | रैयती | 0.1083 | खेलावन चमार वो चखु चमार वो सजीवन चमार वो कारी चमार वो भरथरी चमार वो जई चमार पिता रघुनी चमार | 408 | 409 | 407 | 403 |
| 4 | 60 | 434 | टॉड़ दो नई परती | रैयती | 0.0307 | जीरा देवी पति अशोक साह | 433 | 440 | 435 | 440 |
| 5 | 29 | 435 | धान 2 | रैयती | 0.0192 | विष्णु प्रजापति वो रामपवन प्रजापति पिता स्व0 भुनेश्वर प्रजापति | 435 | 440 | 436 | 434 |
| 6 | 29 | 436 | धान 2 | रैयती | 0.0085 | विष्णु प्रजापति वो रामपवन प्रजापति पिता स्व0 भुनेश्वर प्रजापति | 436 | 440 | 437 | 435 |
| 7 | 18 | 437 | धान 2 | रैयती | 0.0159 | चरित्र महतो वो मानिकचन्द महतो पिता फलित महतो | 437 | 440 | 438 | 436 |
| 8 | 70 | 438 | धान 2 | रैयती | 0.0189 | नाथु प्रसाद यादव पिता फिरंगी महतो | 438 | 440 | 439 | 437 |
| 9 | 17 | 439 | धान 2 | रैयती | 0.0150 | चतुर्गन महतो वो उखमजी महतो पिता डुलु महतो | 439 | 440 | 439 | 438 |
| 10 | 57 | 441 | धान 2 | रैयती | 0.0975 | बिहारी साह वो अन्य पिता महेशसर साव वो रामखेलावन साव वो शुकुल साव वो राधा साव पिता जगेसर साव वो बिशेसर साव पिता ठाकुर साव | 440 | 442 | 441 | 428 |
| | | | | कुल :– | 0.7073 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–टॉड़ कटहर, थाना नं0–141, थाना–सगमा, अंचल–सगमा, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त
गढ़वा

PR 302505 Land Reforms (23-24)_D

# नोवाक को हराने का सपना पूरा हुआ : अल्कराज

**एजेंसी। लंदन**

अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने के बाद 20 वर्षीय कार्लोस अल्कराज ने खुलासा किया कि जब से उन्होंने टेनिस खेलना शुरू किया, तब से वह नोवाक जोकोविच को हराने और विंबलडन चैंपियनशिप जीतने का सपना देखते थे। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने 2013 के बाद से सेंटर कोर्ट पर कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अल्कराज ने रोमांचक पांच सेटों में 1-6, 7-6(6), 6-1, 3-6, 6-4 से जीत कर ग्रास-कोर्ट पर सर्बियाई खिलाड़ी के प्रभुत्व को समाप्त कर दिया। अल्कराज ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आज मैंने जो इतिहास रचा, वह मेरे जीवन का सबसे खुशी का पल है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक नहीं बदलेगा। नोवाक को हराना, विंबलडन चैंपियनशिप जीतना, कुछ ऐसा है जिसका मैंने तब से सपना देखा था जब मैंने टेनिस खेलना शुरू किया था। यही कारण है कि यह यह मेरे जीवन का सबसे



बड़ा क्षण है। उन्होंने कहा, नोवाक को उसके पीक पर हराना, इतिहास बनाना, उस कोर्ट पर 10 साल तक अजेय रहने वाले को हराने वाला खिलाड़ी बनना, मेरे लिए आश्चर्यजनक है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा।

अल्कराज ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी जीत अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, यह नई पीढ़ी के लिए भी बहुत अच्छा है, मुझे लगता है कि मैं उन्हें यह सोचने पर मजबूर करूंगा कि वे भी ऐसा कर सकते हैं। यह मेरे लिए बहुत अच्छा है और मैं युवा खिलाड़ियों के लिए भी ऐसा सोचता हूं। अल्कराज ओपन एरा (1968 से) में 21 साल की उम्र से पहले कई प्रमुख खिताब जीतने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए। अल्कराज ने कहा, मैं रोलैंड गैरो से बिल्कुल अलग हूं। मैं उस पल के बाद से काफी बड़ा हो गया हूं। मैंने उस पल से बहुत कुछ सीखा है। जैसा कि मैंने फाइनल से पहले कहा था, मैंने उस मैच से सबक लिया। मैंने मैच से पहले कुछ अलग किया। मैंने मैच से पहले मानसिक रूप से कुछ अलग तैयारी की। मैं रोलांड गैरो की तुलना में दबाव से बेहतर तरीके से निपट सका।

## विंबलडन फाइनल देखने गई सोनम कपूर ने अल्कराज की तारीफ की



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस और फैशन दिवा सोनम कपूर रविवार को अपने पति आनंद आहूजा के साथ कार्लोस अल्कराज और नोवाक जोकोविच के बीच विंबलडन का फाइनल मैच देखने गई। विंबलडन सेंटर कोर्ट में नजर आईं सोनम बेहद स्टाइलिश लग रही थीं। उन्हें बरबरी के डिजाइनर आउटफिट में देखा गया। उन्होंने ग्रीन कलर की चेकर्ड आउटफिट पहनी हुई थी। उन्होंने स्लीक लो-बन हेयरस्टाइल, ब्लैक सनग्लासिस और ब्लैक बैग के साथ लुक को पूरा किया। सोमवार को उन्होंने सेंटर कोर्ट से पति आनंद और अपने दोस्तों के साथ कई फोटोज भी शेयर किए। उन्होंने टिकट, फूड और खिलाड़ियों की क्लिपिंग की झलक भी पेश की। सोनम ने अल्कराज की एक तस्वीर भी साझा की। बता दें कि स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन फाइनल 2023 में सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांच सेट में हराकर खिताब अपने नाम किया। एक्ट्रेस ने लिखा, ऐसी शानदार संगति के साथ देखना कितना अविश्वसनीय ऐतिहासिक मैच है! बेहद प्रतिभाशाली कार्लोस अल्काराज और अद्भुत नोवाक जोकोविच को बधाई!

# सीह सू-वेई और स्ट्राइकोवा ने महिला युगल वर्ग में जीता विंबलडन का खिताब

**एजेंसी। विंबलडन**

ताइवान की सीह सू-वेई और चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने रविवार को यहां बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स और ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर को हराकर दूसरी बार विंबलडन का महिला युगल खिताब जीता। सू-वेई और स्ट्राइकोवा की जोड़ी ने फाइनल में बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को सीधे सेट में 7-5, 6-4 से हराया। सू-वेई ने बैकहैंड से दूसरा मैच प्वाइंट जीता जिससे 2019 की विंबलडन चैंपियनशिप जोड़ी ने विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर खिताब अपने नाम किया। स्ट्राइकोवा ने अपने बेटे के जन्म के बाद संन्यास से वापसी की है और उन्हें लगता है कि यह उनका आखिरी विंबलडन टूर्नामेंट है। स्ट्राइकोवा ने कहा, मैं इससे बेहतर अंत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। पिछले साल मैंने सू-वेई को एसएमएस



किया था कि एक साथ विंबलडन 2023 खेलने का प्रयास करते हैं। अब कोई कोविड नहीं है। उसने कहा कि हां ऐसा करते हैं। मजे करते हैं। अब हम ट्रॉफी के साथ खड़े हैं।'

## तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की इंग्लैंड टीम में वापसी

**लंदन।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को टीम में शामिल किया है, चौथा टेस्ट बुधवार से एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। श्रृंखला के पहले दो टेस्ट में 75.33 की औसत से तीन विकेट लेने के बाद एंडरसन को हेडिंग्ले में तीसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। इंग्लैंड ने यह मैच 3 विकेट से जीता था। एंडरसन को ओली रॉबिन्सन के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। टीम में एक और महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, जिसमें मोईन अली को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने के लिए चुना गया। मोईन ने लीड्स में पहली पारी में नंबर 7 पर बल्लेबाजी की, लेकिन दूसरी पारी में उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया, जिससे हैरी ब्रुक अपने पसंदीदा नंबर 5 पर उतरे। मोईन की नंबर 3 पर पदोन्नति तब हुई, जब तीसरे टेस्ट की तीसरी शाम को, उन्होंने ब्रेंडन मैकुलम से संपर्क किया और फेरबदल का सुझाव दिया।

# राउरकेला स्टेडियम में खेलना मेरे जीवन का बहुत ही अनोखा अनुभव : भूमिक्षा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने हाल ही में विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया, इस स्टेडियम ने इस साल की शुरूआत में एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 के दौरान दुनिया भर के खिलाड़ियों की मेजबानी की थी। हाल ही में संपन्न 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 आयोजन स्थल पर आयोजित चार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में से एक थी, जहां भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड भूमिक्षा साहू ने हॉकी मध्य प्रदेश के लिए खेला और स्वर्ण पदक जीता। 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 में अपने अनुभव पर भूमिका ने कहा, इतना खूबसूरत स्टेडियम




मैंने पहली बार देखा, जब मैं पहली बार मैदान पर गई तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मैं कल्पना भी नहीं कर सकती कि विश्व कप में जब स्टेडियम समर्थकों से खचाखच भरा होगा तो कैसा महसूस हुआ होगा।" भूमिक्षा 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 की अग्रणी गोल स्कोरर थीं। उन्होंने 9 फील्ड और 9 पेनल्टी कॉर्नर सहित मध्य प्रदेश के लिए कुल 18 गोल किए। उन्होंने कहा, इस बार पूरी टीम एक इकाई के रूप में खेली और मेरे इतने गोल करने का एकमात्र कारण यह था कि टीम ने कड़ी मेहनत की और मेरे लिए गोल करने के मौके बनाए। टीम एकजुट हुई और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेलने का आनंद लिया। मुझे लगता है कि राउरकेला में खेलना अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए एक अच्छा कदम था और अंतरराष्ट्रीय टीमों का सामना करते समय मुझे अधिक आत्मविश्वास मिलेगा। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम ने 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 की भी मेजबानी की, जहां सुरिंदर सिंह हॉकी चंडीगढ़ के लिए 11 गोल के साथ शीर्ष गोल स्कोरर थे।

सुरिंदर ने विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर टिप्पणी करते हुए कहा, पहला कदम अंतरराष्ट्रीय मानकों पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलना था, अब हम एक शानदार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भी खेल चुके हैं, बस इन सुविधाओं का उपयोग करना और प्रदर्शन करना बाकी है। हॉकी चंडीगढ़ 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश से 2-4 से हार गया। सुरिंदर ने 31वें मिनट में गोल करके खेल को 2-2 से बराबर कर दिया, लेकिन यह वापसी के लिए पर्याप्त नहीं था, और चंडीगढ़ ने रजत पदक जीता।

उन्होंने कहा, अब हम जानते हैं कि ऐसे स्टेडियम में खेलना कैसा लगता है जहां दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलने आते हैं और इससे खिलाड़ियों को भारत के लिए खेलने के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि अगर अब मुझे भारी भीड़ के सामने रखा जाए तो मैं बहुत कम घबराऊंगा।'

**चहल ने धोनी के साथ अपने रिश्ते पर किया खुलासा**

# 'पूर्व कप्तान के सामने मेरी बोलती बंद हो जाती है'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने कहा कि वह अक्सर पूर्व कप्तान एमएस धोनी को लेकर चुप रहते हैं। अनुभवी लेग्गी ने महान क्रिकेटर धोनी के साथ अपने रिश्तों के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वह धोनी के बारे में चुप रहना पसंद करते हैं। चहल ने 'द रणवीर शो' में बताया, वह (एमएस धोनी) एकमात्र व्यक्ति हैं, जिनके सामने आते ही मेरी बोलती बंद हो जाती है। मैं चाहे किसी भी तरह के मूड में हो, ज्यादा नहीं बोलता हूं। मैं बस शांत बैठता हूं और तभी जवाब देता हूं जब माही भाई कुछ पूछते हैं। अन्यथा, मैं चुप रहता हूं।" चहल ने 72 वनडे और 75 टी20आई में भाग लिया है और क्रमशः 121 और 91 विकेट लिए हैं। गौरतलब है कि 32 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के इतिहास में सबसे



ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने 147 मैचों में 187 विकेट लिए हैं। युजवेंद्र चहल ने उस पल को याद किया जब धोनी ने 'ऑफ डे' के दौरान उनका समर्थन किया था। चहल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टी20 मैच के दौरान एक अजीबोगरीब घटना को याद किया, जिसमें उनके चार ओवरों में 64 रन बने थे। हालांकि, मैदान पर एक 'ऑफ डे' से निपटने के बावजूद, चहल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह धोनी ही थे जिन्होंने उनका समर्थन किया था और पूर्व खिलाड़ी से कहा था कि वह खुद को संभालें और परेशान न हों।

# यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल हार का मुझ पर गहरा असर पड़ा है : सिंधु

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने कहा है कि यूएस ओपन में गाओ फेंग जी से क्वार्टर फाइनल में मिली हार का उन पर गहरा भावनात्मक प्रभाव पड़ा है। अमेरिका के काउंसिल ब्लफ्स में सुपर 300 टूर्नामेंट में सिंधु को शुक्रवार को चीन की फैंग जी के खिलाफ 20-22, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने इंस्टाग्राम पर क्वार्टर फाइनल में फैंग जी की सराहना करते हुए कहा कि चीनी खिलाड़ी, जिसे उन्होंने इस महीने की शुरूआत में कनाडा ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था, ने इस बार अपनी कमजोरियों से सबक सीख कर उन्हें हरा दिया। सिंधु ने एक इंस्टाग्राम



पोस्ट में लिखा, मेरी यूएस ओपन यात्रा क्वार्टर फाइनल में समाप्त हुई, जहां मेरा सामना प्रतिभाशाली गाओ फेंग जी से हुआ। पहले कनाडा में उसे हराने के बावजूद, उसने इस बार मेरी कमजोरियों का प्रभावी उपयोग करते हुए मुझे सीधे सेटों में हरा दिया। अगली बार जब मैं गाओ से सामना करूंगी तो एक बड़ी लड़ाई होगी। उन्होंने आगे कहा, इस हार ने मुझ पर एक महत्वपूर्ण भावनात्मक प्रभाव छोड़ा है। प्रत्येक सफल टूर्नामेंट के बाद हार का अनुभव करना निराशाजनक है। हालांकि, मैं अपने प्रयासों को दोगुना करने और वर्ष के शेष भाग को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने लक्ष्य सेन को बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखना वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। सेन की यात्रा उन्हें सेमीफाइनल तक ले गई, हालांकि उन्हें अंतिम चैंपियन ली शी फेंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, मैं लक्ष्य के लिए अपनी वास्तविक खुशी व्यक्त करना चाहती हूं।

## अविनाश साबले ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डायमंड लीग मीट में अपने करियर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ समय के साथ छठे स्थान पर रहकर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले छठे भारतीय एथलीट बन गए। 28 वर्षीय साबले ने 8 मिनट और 11:63 सेकंड का समय लिया, जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 8:11.20 से थोड़ा अधिक था, लेकिन इसने पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क 8:15.00 को काफी अंतर से पीछे छोड़ दिया। ओलंपिक क्वालीफिकेशन अवधि 1 जुलाई, 2023 से शुरू हुई और 30 जून, 2024 तक जारी रहेगी।

# बीबीएल, डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट 3 सितंबर को

## थंडर, स्टार्स को मिलेगा पहला मौका

**एजेंसी। मेलबर्न**

बिग बैश लीग (बीबीएल) और महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) दोनों के विदेशी ड्राफ्ट 3 सितंबर को आयोजित किए जाएंगे। सिडनी थंडर को उद्घाटन डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में पहली बार चयन करने का मौका मिलेगा, जबकि मेलबर्न स्टार्स के पास बीबीएल ड्राफ्ट में पहला कदम रखने का मौका होगा। बिग बैश लीग के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा,"हम पहली बार वेबर डब्ल्यूबीबीएल की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।केएफसी बीबीएल ओवरसीज प्लेयर ड्राफ्ट रविवार, 3 सितंबर को आयोजित किए जाएंगे। दोनों ड्राफ्ट के लिए चयन के क्रम की पुष्टि भी सूची प्रबंधकों और उच्च प्रदर्शन वाले कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। क्योंकि वे आने वाले सीजन के लिए अपनी रणनीति को आकार देना जारी रखेंगे।" डब्ल्यूबीबीएल के लिए, पिछले सीजन के फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करने में विफल रहने के बाद, चार टीमों पर्थ स्कॉर्चर्स (एक प्रविष्टि), मेलबर्न स्टार्स (दो प्रविष्टियाँ), मेलबर्न रेनेगेड्स (तीन प्रविष्टियाँ) और सिडनी थंडर (चार प्रविष्टियाँ) को पहले ड्रा में प्रवेश दिया गया है। मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स सहित पिछले साल फाइनल में खेलने वाले क्लबों को दूसरे ड्रा में रखा गया था। थंडर को पहली पसंद मिलने के बाद, मेलबर्न रेनेगेड्स, पर्थ स्कॉर्चर्स और मेलबर्न स्टार्स को अपने विदेशी खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा। डब्ल्यूबीबीएल के मौजूदा विजेता एडिलेड स्ट्राइकर्स, ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस और सिडनी सिक्सर्स को क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा। डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट नियमों के अनुसार, जो टीमें पिछले साल के फाइनल में नहीं पहुंची थीं,जिनमें होबार्ट हरिकेंस (एक प्रविष्टि), एडिलेड स्ट्राइकर्स (दो प्रविष्टियां) और मेलबर्न स्टार्स (तीन प्रविष्टियां) शामिल है को पहले ड्रा में प्रवेश दिया गया है। मेलबर्न रेनेगेड्स को पिछले सीजन में चौथे स्थान पर रहने के बाद इस साल के ड्राफ्ट में चौथी पिक मिली है, स्ट्राइकर्स और हरीकेन को दूसरी और तीसरी पिक का अधिकार दिया गया है। थंडर, सिक्सर्स, हीट और गत चैंपियन स्कॉर्चर्स अपनी-अपनी पसंद बनाने के लिए 5-8 क्रम में हैं। दोनों ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें क्लब कुल मिलाकर न्यूनतम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन कर सकेंगे, प्रत्येक क्लब को कम से कम एक राउंड में पास होना आवश्यक होगा। राउंड 1 और 2 ऊपर बताए गए संबंधित आदेशों का पालन करेंगे, राउंड 3 और 4 एक स्नैकिंग ऑर्डर का पालन करेंगे। लीग ने क्लबों के लिए ड्राफ्ट पिक्स का व्यापार करने की क्षमता भी पेश की है जिसके परिणामस्वरूप ऑर्डर में बदलाव हो सकता है।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023** | **रहाणे की वापसी पर बोले बल्लेबाजी कोच राठौड़**

# हमें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उनकी जरूरत

**एजेंसी। रोसेयु (डोमिनिका)**

बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि आश्वस्त होकर खेलना अजिंक्य रहाणे की वापसी का अहम पहलू रहा है और भारतीय टीम को उम्मीद है कि वह इस साल होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान अपनी फॉर्म बरकरार रखेंगे। पिछले महीने लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारत की हार के दौरान रहाणे की 89 और 46 रन की पारियां भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पक्ष रहा। यह रहाणे का 18 महीने में पहला टेस्ट था और इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया। यह 35 वर्षीय बल्लेबाज हालांकि यहां पहले टेस्ट में सस्ते में आउट हो गया और पोर्ट ऑफ स्पेन में 20 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेगा।



रहाणे की वापसी पर राठौड़ ने कहा, वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में काफी अच्छा खेला। वह हमेशा से अच्छा खिलाड़ी रहा है। उसे खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया था। जब बात तकनीक की आती है तो आप लगातार इस पर काम करते हो लेकिन मेरे लिए महत्वपूर्ण यह है कि उसका रवैया काफी शांत था।' उन्होंने कहा, वह देर से और शरीर के करीब शॉट खेल रहा है। वापसी के बाद से यह सबसे महत्वपूर्ण चीज रही है। वह नेट पर अब भी इसी तरह बल्लेबाजी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। दक्षिण अफ्रीका के हालात में आपको जरूरत है कि उसकी तरह का कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करे।'

भारत अपनी अगली टेस्ट श्रृंखला दिसंबर-जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में खेलेगा। राठौड़ अपने पहले टेस्ट में युवा यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित दिखे। जायसवाल ने 171 रन की पारी खेलकर भारत की जीत की नींव रखी। उन्होंने कहा, मैं पहले चयनकर्ता भी रह चुका हूं इसलिए जब भी आप किसी खिलाड़ी को चुनें तो आपको उसे इस इरादे से चुनना चाहिए कि वह अगले 10 वर्षों तक भारत के लिए खेलेगा। उसमें निश्चित रूप से क्षमता है।'

राठौड़ ने कहा, हालांकि मैंने यशस्वी के साथ पहले काम नहीं किया है। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि मैंने उसे आईपीएल में रन बनाते हुए देखा था। आपने देखा होगा कि वह कितना गतिशील बल्लेबाज है। वह किस तरह का स्ट्रोक खेलने वाला खिलाड़ी है। लेकिन वह टीम की स्थिति के अनुसार खेल को बदलने में भी सफल रहा।' भारत के बल्लेबाजी कोच ने कहा, दूसरे दिन उसने लंच से पहले 90 गेंदों पर लगभग 20 रन बनाए। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह पारी का मुख्य आकर्षण था। कोई ऐसा व्यक्ति जो ऐसा करने में सक्षम है, जो अपने चरित्र, अपने सामान्य खेल के विपरीत खेल सकता है, उस चरण से निकलना और फिर रन बनाना, यह देखना शानदार था।' तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद शुभमन गिल पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। लेकिन राठौड़ ने कहा कि गिल को अपने नए बल्लेबाजी क्रम में खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

उन्होंने कहा, उसमें बहुत क्षमता है और वह अन्य प्रारूपों में भी उस क्षमता तक पहुंचा है। उसने टेस्ट क्रिकेट में भी रन बनाए हैं। कभी-कभी किसी विशिष्ट प्रारूप में थोड़ा समय लग सकता है और वह समय ले रहा है। उसके पास वह समय है।'

राठौड़ ने कहा, वह समय ले रहा है लेकिन अच्छी बात यह है कि उसकी मेहनत में कोई कमी नहीं है। वह चीजों पर काम कर रहा है। क्षमता के साथ-साथ उसके पास धैर्य भी है जो किसी को बड़ा खिलाड़ी बनाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह लंबे समय तक तीनों प्रारूप में खेलेगा।'

